


सीहोर जिले का प्रथम दैनिक


K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-29 | सीहोर, शुक्रवार 14 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


**दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से हमारे सभी पाठकों को**

**होली की शुभकामनाएँ**

संपादक

**अवकाश की सूचना**

दैनिक क्षितिज किरण के कार्यालय में होली के अवसर पर अवकाश रहेगा अतः अगला अंक दिनांक 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

# संभल के कार्तिकेय महादेव मंदिर में 46 साल बाद उड़ा गुलाल, आज धूमधाम से मनाई जाएगी होली

संभल (ए.)। संभल के खग्गू सराय में स्थित कार्तिकेय मंदिर पर 46 वर्ष बाद होली का पर्व मनाया जाएगा। गुरुवार की शाम हिंदू संगठनों के लोग मंदिर पर पहुंचे और उत्साह के साथ गुलाल उड़ाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा में लगी पुलिस को भी गुलाल लगाया। एएसपी श्रीश्चंद्र और सीओ अनुज चौधरी को गुलाल लगाकर धन्यवाद दिया। शुक्रवार को इस मंदिर पर भगवामय होली मनाई जाएगी। इसके लिए काफी दिनों से आह्वान किया जा रहा है।

### दंगों के बाद बंद हो गया था मंदिर

कार्तिकेय मंदिर 1978 के दंगों के बाद से बंद हो गया था। हिंदू आबादी भी इस इलाके से पलायन कर चुकी है। दिसंबर 2024 में पुलिस-प्रशासन के सहयोग से इस मंदिर के कपाट खोले गए हैं।





अब प्रतिदिन पूजा अर्चना हो रही है। होली का पर्व कपाट खुलने के बाद से पहली बार मनाया जा रहा है। इसलिए इस मंदिर पर होली विशेष नजर आएगी। गुरुवार को गुलाल लेकर पहुंचे लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया और खुशी जाहिर की। लोगों ने कहा कि 46 वर्ष तक प्राचीन मंदिर बंद रहा। इसके आसपास के परिक्रमा मार्ग पर दूसरे समुदाय के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन के सहयोग से ही कपाट खुले हैं और लगातार पूजा अर्चना की जा रही है। यह हिंदू समाज के लोगों के लिए सबसे बड़ी खुशी की बात है।

### खग्गू सराय में होली खेलने के दौरान रहेगी पुलिस की कड़ी निगरानी

एसपी ने कहा कि खग्गू सराय में मंदिर की विशेष सुरक्षा का इंतजाम रहता है। इस मंदिर के आसपास निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। फोर्स भी तैनात रहती है। अब शुक्रवार को होली खेली जाएगी तो कड़ी निगरानी की जाएगी। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कराएंगे। मालूम हो कार्तिकेय मंदिर मुस्लिम बाहुल इलाके में है। एक भी हिंदू परिवार नहीं रहता है। करीब 300 मीटर दूरी पर जाकर हिंदू परिवार रहते हैं।

## होली की खुशियों पर भड़की गैस सिलेंडर की आग, दमकल के पहुंचने से पहले जलकर राख हुआ कच्चा मकान

मऊगंज (ए.)। गर्मी के मौसम के आगमन के साथ ही आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के पाती मिश्रान गांव का है, जहां रमाशंकर पाल पिता गिरधारी पाल का कच्चा मकान गैस सिलेंडर से भड़की आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। यह घटना 13 मार्च 2025 को दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घर में इस्तेमाल हो रहे गैस सिलेंडर से रिसाव के चलते अचानक आग लग गई। देखते ही देखते तेज लपटों ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन अधिक गर्मी और तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। कुछ ही देर में घर में रखा सारा सामान—कपड़े, बर्तन, अनाज और जरूरी दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी

## मुख्यमंत्री निवास में भी हुआ होलिका दहन



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होली पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली का उत्सव होलिका दहन की कथा का स्मरण करवाता है। भक्त प्रहलाद का नारायण प्रेम इसमें स्पष्ट झलकता है। होलिका दहन में भक्त प्रहलाद को स्वयं नारायण ने जीवनदान दिया। मध्यप्रदेश में होली से रंगपंचमी तक अलग-अलग अंचल में उत्सव के अनेक स्वरूप दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे राष्ट्र में विरासत से विकास के ध्येय को ध्यान में रखकर स्वर्णिम काल चल रहा है। हमारी सनातन संस्कृति के एक-एक त्यौहार को सभी आनंदित होकर मना रहे है।

### मुख्यमंत्री निवास में होलिका दहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार की रात्रि मुख्यमंत्री निवास में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की बधाई दी।

## आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत की कहानी का एक और नया अध्याय शुरु : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने ऑइल फील्डस बिल-2024 लोकसभा में पारित होने का किया स्वागत

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑइल फील्ड्स (रेग्युलेशन एण्ड डेवलपमेंट) बिल 2024 के लोकसभा में पारित होने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने वाला ऑइल फील्ड्स रेग्युलेशन एण्ड डेवलपमेंट बिल- 2024 भारत के ऊर्जा क्षेत्र को और भी अधिक मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बिल निश्चित ही रोजगार के नए अवसर के साथ ही देश की सतत् विकास यात्रा को एक नई उड़ान देगा। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत की कहानी का एक नया अध्याय शुरू हुआ है।

### दिल्ली में तीन दिन बारिशः मौसम ने ली करवट, फिर भी तापमान पर ब्रेक नहीं; पश्चिमी विक्षोभ का पड़ रहा असर




नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में गुरुवार को मौसम ने करवट ले ली। दिनभर आंशिक बादल छाए रहे। इसके बावजूद बढ़ते तापमान पर ब्रेक नहीं लगा। अधिकतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन का दूसरा सबसे अधिक तापमान रहा। इससे पहले 11 मार्च को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं न्यूनतम तापमान बढ़ने के कारण सुबह भी गर्म रही। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### तीन दिन बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के अनुसार अब 14 मार्च से 16 मार्च तक हल्की बारिश की संभावना है। इस हल्की बारिश के कारण 16 मार्च से 18 मार्च तक तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। 17 मार्च को तो अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14-16 डिग्री के बीच रहेगा। 18 मार्च से मौसम साफ होने लगेगा और इस कारण तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी।

## होली पर हाई अलर्ट : रंग से बचाने के लिए तिरपाल से ढकी गईं संभल की 10 मस्जिदें, लगाए गए CCTV; भारी फोर्स तैनात



नई दिल्ली (ए.)। होली के जुलूस निकलने के चलते संभल की 10 मस्जिदों को तिरपाल लगाकर कवर किया गया है। इन मस्जिदों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे पूरी तरह निगरानी रहे। जुलूस के साथ भारी पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। मस्जिदों पर भी जवान तैनात किए गए हैं।

#### मस्जिदों पर रहेगी फोर्स

संभल में जुमा नमाज और होली के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। गुरुवार की शाम डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि संभल में एहतियाती तौर पर उन मस्जिदों को कवर करा दिया गया है जो जुलूस के मार्ग पर स्थित हैं। इन मस्जिदों पर फोर्स के अलावा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

#### ड्रोन से होगी निगरानी

इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिससे पूरी निगरानी की जाएगी। जुलूस के साथ ड्रोन कैमरे भी निगरानी में रहेंगे। कोई असामाजिक तत्व माहौल खराब न करे इसके लिए पूरे बंदोबस्त किए गए हैं। एसपी ने बताया कि जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया गया है। सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त हैं। बृहस्पतिवार की शाम गुलाल चौपाई भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई है।

### उप्रः संभल में होली के जुलूस निकलने को लेकर प्रशासन अलर्ट, जामा मस्जिद में 2.30 बजे होगी जुमे की नमाज



संभल (ए.)। होली और होली से एक दिन पूर्व निकलने वाले गुलाल के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाली दस मस्जिदों को कवर कराया गया है। जिससे किसी तरह की आशांति न फैले। वहीं, दूसरी ओर जामा मस्जिद कमेटी ने भी जुमे की नमाज का समय 2.30 बजे तय कर दिया है। इसका एलान जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने किया है। जुमे की नमाज के समय को लेकर खड़े हो रहे विवाद को बुधवार की शाम जामा मस्जिद कमेटी ने विराम लगा दिया है। सदर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इंतजामिया कमेटी ने निर्णय लिया है कि जुमे के दिन होली है।

सुबह से दोपहर तक होली के जुलूस निकाले जाएंगे। इसलिए जुमे की नमाज जामा मस्जिद में दोपहर 2.30 बजे अदा की जाएगी।




### होली पर योगी सरकार का तोहफा, 1.86 करोड़ परिवारों को मिला मुफ्त गैस सिलेंडर



लखनऊ (ए.)। होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी। वहीं अब ये सुविधा फ्री में उपलब्ध हो रही है। होली के साथ ही दीपावली पर गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा।

# भगदड़ के बाद रेलवे ने लिया सबक, होली पर नजर आई चाक चौबंद व्यवस्था; नई दिल्ली स्टेशन पर ऐसा है माहौल

नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली स्टेशन में फरवरी में हुई भगदड़ की घटना से सबक लेते हुए रेलवे प्रशासन ने स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई अहम उठाए हैं। अमर उजाला डिजिटल ने गुरुवार शाम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इसकी पड़ताल भी की। होली के त्योहार के चलते स्टेशन जरुर भीड़ जरुर थी, लेकिन प्लेटफार्म पर रेलवे का मैनेजमेंट पुख्ता नजर आया। रेलवे स्टेशन के सभी एंट्री और एग्जिट गेट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर के चारों ओर बेरिकेड्स लगाकर सुरक्षा के खास इंतजाम थे। साथ ही रेलवे पुलिस बल की टुकड़ी भी मुस्तैद दिखाई दी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के समय और प्लेटफार्म नंबरों की जानकारी देने के लिए स्टेशन के बाहर विशेष बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि यात्री सही समय पर अपने प्लेटफार्म तक आसानी से पहुंच सकें। हालांकि स्टेशन के भीतर प्रवेश के लिए लंबी कतार होने के चलते यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को हुई। कुछ यात्री अव्यवस्था की शिकायत करते भी नजर आए। लेकिन प्रशासन हालात पर काबू पाया हुआ था।



होली के त्योहार के देखते हुए यात्रियों को रेलवे फुट ओवरब्रिज (आरएफओबी) व सीढ़ियों पर ना तो रुकने दिया जा रहा है और न ही बैठने दिया जा रहा है। सभी होली स्पेशल ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर-16 से चलाया जा रहा था। रेलवे ने इस प्लेटफार्म को पूरी तरह से होली स्पेशल ट्रेनों के लिए डेडिकेट कर रखा है। होली स्पेशल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर 16 पर पहुंचने के बाद उन्हें पैसेंजर होल्डिंग एरिया में खड़ा कर दिया जाता है। यहां से उन्हें ट्रेन आने पर ही आगे जाने दिया जाता है।

इस प्लेटफार्म पर जब तक ट्रेन प्लेटफार्म पर नहीं आती है, तब तक प्लेटफार्म के किनारों से 10 फीट दूर रस्सी बांधकर यात्रियों को रोका जा रहा है। ट्रेन के रुकने के बाद ही यात्रियों को ट्रेन के अंदर जाने दिया जा रहा है। इन होली स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों को बैठाने के लिए रेलवे कर्मचारी, आरपीएफ और जीआरपी कर्मी, रेल सेवक की ड्यूटी लगाई गई थी। ये सभी इन सभी होली स्पेशल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को कतार में खड़े कर ट्रेनों में बैठाते हुए नजर आए। इसके अलावा अन्य ट्रेनों के जनरल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी इसी तरह से ट्रेन में बैठाया जा रहा था। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि, नई दिल्ली स्टेशन का 16 नंबर प्लेटफार्म मेट्रो स्टेशन के नजदीक है। वहीं जो यात्री बसों के जरिए भी स्टेशन आना चाहते है उनके लिए भी आसान है। इसलिए 16 नंबर से होली स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। हालांकि, नई दिल्ली रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम कहीं न कहीं यात्रियों के लिए परेशानी का सबब भी बन रहे है। रेल प्रशासन ने यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर से प्लेटफार्म पर आने से पहले टिकट चेक कराने के लिए एक लाइन में खड़े होने की व्यवस्था की है।

# स्व-सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इनके सशक्तिकरण से ही महिलाएं होंगी समृद्ध - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख से अधिक महिलाएं हो रहीं लाभान्वित

## समूहों की आय बढ़ाने के लिए नए अवसर तलाशें, आत्म-निर्भर बनाने तैयार करें ठोस कार्य योजना

### एफपीओ प्रोडक्ट एवं एक जिला-एक उत्पाद की बेहतर मार्केटिंग और पैकेजिंग के लिए तैयार होगा रोडमैप

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। स्व सहायता समूह हमारे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनके सशक्तिकरण से न केवल महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी, बल्कि राज्य की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि स्व-सहायता समूहों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन एवं जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भर बनकर समृद्धि की ओर बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में स्व-सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण एवं सशक्तिकरण को लेकर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 5 लाख 3 हजार 145 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन स्व-सहायता समूहों से 62 लाख 30 हजार 192 महिला सदस्य जुड़ी हैं और सरकार की आजीविकास विकास योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि स्व-सहायता समूहों को बाजार से जोड़ने, प्रशिक्षण देने और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने समूहों की आय बढ़ाने के लिए नए अवसरों को तलाशने और उन्हें आत्म-निर्भर बनाने के लिए ठोस कार्य योजना भी तैयार करने पर जोर दिया।बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव महिला एवं



बालविकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली, म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सीईओ श्रीमती हर्षिका सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और नीतियों पर भी विचार किया गया। विभागों द्वारा स्व-सहायता समूहों के मौजूदा कार्यों की जानकारी दी और उनके विस्तार की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला स्व-सहायता समूहों को सरकार की सभी योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्हें बैंक लिंकेज प्रदान कर ऋण सहायता उपलब्ध कराने सहित उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ज्ञान (जीवायएएन) संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक संबल देने एवं नारी सशक्तिकरण के लिए हर जरूरी कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं प्रोडक्ट की पैकेजिंग के लिए समुचित कार्य योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए पोषण आहार संयंत्रों (टेक होम राशन संयंत्र) एवं किसान उत्पादक समूहों द्वारा तैयार प्रोडक्ट की रेंज एवं गुणवत्ता बढ़ाई जाए। इससे बाजार की मांग पूरी की जा सकेगी और महिलाओं की आय में भी वृद्धि होगी। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूह गठित हैं। इन समूहों को दिए जा रहे कामों से प्रदेश की 62 लाख से अधिक महिलाएं अपने गांव में ही रोजगार पा रही हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में देवास, धार, सागर, मंडला, रीवा, शिवपुरी एवं नर्मदापुरम में संचालित पोषण आहार संयंत्रों में उत्पादित टीएचआर प्रोडक्ट के टेस्ट और गुणवत्ता में नए परिवेश में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं का लाभ बढ़ाने के लिए नए सिरे से अध्ययन किया जाए एवं एक महीने में पुनर्गठन की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के मंडला, डिंडौरी, बालाघाट जैसे आर्थिक रूप से कमजोर जिलों में जनसहयोग से किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बढ़ावा दिया जाए। इससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं एवं युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को सशक्त स्व-सहायता समूह से जोड़कर उनका संस्थागत विकास एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। महिलाओं को सुदृढ़, सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए प्रदेश के गांव-गांव में त्रि-स्तरीय समुदाय आधारित संस्थाएं स्व-सहायता समूह (एसएचजी), ग्राम संगठन (वीओ) एवं संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) के अंतर्गत महिला सदस्यों के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) की बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग को विस्तार देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ प्रायवेट बाजार विशेषज्ञों की सहायता लेकर एक रोडमैप तैयार करें। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने से इसका सीधा लाभ ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को मिलेगा। बैठक में सभी ने स्व-सहायता समूहों के जरिए महिलाओं की बेहतरी एवं उनके आर्थिक कल्याण के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

## होली व ईद की सुरक्षा को लेकर शहडोल पुलिस सतर्क, जिला मुख्यालय में निकाला गया फ्लैग मार्च



भोपाल(आरएनएस) आगामी होली एवं ईद के त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिदेशक महोदय के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल के नेतृत्व में दिनांक 12.03.2025 को जिला मुख्यालय शहडोलमें भव्य फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, आमजन के बीच सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करना तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु समुचित पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करना था ।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हुए सुरक्षा संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपुअ मुख्यालय, उपुअ महिला सुरक्षा, उपुअ यातायात, थाना प्रभारी कोतवाली, सोहागपुर एवं पुलिस लाईन के अधिकारी / कर्मचारी भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च गांधी चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों जैसे गंज, पुराना गांधी चौक, इतवारी मोहल्ला, इमाम बाड़ा, जैन मंदिर आदि प्रमुख स्थानों को शामिल किया गया।

## भोपाल के 2 विद्यार्थी प्रेरणा कार्यक्रम से जुड़े

### केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय का कार्यक्रम बच्चों को विरासत से जुड़ने का देता है मौका

भोपाल(आरएनएस)केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रेरणा एक अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। भोपाल के 2 विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने का मौका मिला है। इन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करने के साथ एक अच्छे नागरिक बनने के गुण भी सीखे हैं।केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रेरणा कार्यक्रम में भोपाल के चयनित 2 विद्यार्थी छात्रा मुस्कान मालवीय पीएमश्री स्कूल बरखेड़ा और छात्र आशुतोष द्विवेदी महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल पिपलानी ने 7 दिन गुजरात के बड़नगर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनके साथ शिक्षक सुश्री भूमेश्वरी पारधी ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।



#### अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम

प्रेरणा कार्यक्रम भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य आधारित शिक्षा के दर्शन को एकीकृत करने की एक मजबूत प्रतिबद्धता से प्रेरित है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आधारशिला है। यह कार्यक्रम आईआईटी गांधीनगर द्वारा तैयार किया गया है। प्रेरणा स्कूल का पाठ्यक्रम 9 मूल्य विषयों पर आधारित है। इनमें स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, करूणा और सेवा, विविधा और एकता, सत्यनिष्ठा और सुचिता, नवाचार और जिज्ञासा, श्रद्धा और विश्वास के साथ स्वतंत्रता और कर्त्तव्य भी शामिल हैं। यह मूल्य युवाओं को देश का आदर्श नागरिक बनने में प्ररेणा देगा। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी भी शामिल होते हैं। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न राज्यों से आये बच्चों के बीच में एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और विरासत को समझने का मौका मिलता है। विद्यार्थियों में विशेष रूप से वृद्धजनों के प्रति श्रद्धा की भावना जागृत करने के प्रयास किये जाते हैं। इन विद्यार्थियों को आस-पास के पुरातत्व महत्व के स्थलों का भी भ्रमण कराया जाता है।

#### प्रधानमंत्री का पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल से गये विद्यार्थियों और शिक्षक से अनुभव जाने हैं। उन्होंने पत्र लिखकर प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभव को अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा करने की बात भी कही है।

## इको-फ्रेंडली होलीः केवल कंडों का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

भोपाल (आरएनएस)। पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत मुख्यालय बेहरी में इस वर्ष इको-फ्रेंडली होली जलाई गई। पंचायत द्वारा पिछले वर्ष ही होलीका दहन स्थल का पुनर्निर्माण किया गया था, जिसे किसी पूजा स्थल की तरह डिजाइन किया गया है। दूर से देखने पर यह स्थान हेलीपैड जैसा प्रतीत होता है। ग्राम सरपंच हुकम बछानिया ने सभी ग्रामीणों से अपील की थी कि वे होली दहन में लकड़ी की बजाय कंडों का उपयोग करें। इस अपील का व्यापक असर दिखा, जिससे प्रमुख होलीका दहन स्थल पर न्यूनतम लकड़ी का प्रयोग किया गया। इससे पर्यावरण संतुलित रहने के साथ-साथ नदी और अन्य जलस्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाया जा सका।गांववासियों ने इस बार चंदे के रूप में नकद राशि देने की बजाय कंडों का सहयोग किया। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान मिला, बल्कि होली की सुंदरता भी बढ़ी।

## नशे के विरुद्ध जयसिंहनगर पुलिस की बडी सफलता

भोपाल (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश दिया जा रहा है इसी क्रम मे जयसिंहनगर पुलिस को नशे के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करने मे सफलता प्राप्त हुई है।

विवरण- दिनांक 12.03.2025 को जयसिंहनगर पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति स्कूटी में नशीली टेबलेट बेचने हेतु रखे हैं एवं ग्राम बांसा से जयसिंहनगर तरफ आने वाले हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर रेड कार्यवाही हेतु रवाना किया गया पुलिस द्वारा बांसा रोड में घेराबंदी किया गया तथा उक्त स्कूटी को रोककर पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने अपना नाम क्रमशः अनंत शुक्ला पिता स्व0 बाबूलाल शुक्ला उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड नं 01 ब्यौहारी एवं रजनीश उर्फ लाला शर्मा पिता स्व0 छोटेलाल शर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी खुसरवाह का होना बताये। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 600 नग अवैध नशीली टेबलेट पाया गया। आरोपियों से उक्त टेबलेट संबंधी दस्तावेज मांगने पर उन्होंने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया।

### एमपी की 3 लाख से ज्यादा महिलाएं लाडली बहना योजना से हुई बाहर, सरकार ने बताई ये वजह

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की 3 लाख से ज्यादा महिलाएं लाडली बहना योजना से बाहर हो गई हैं. कई महिलाएं अपना नाम जुड़ने का इंतजार कर ही हैं. लेकिन सरकार ने ये स्पष्ट कर दिया है कि लाडली बहना योजना में नए हितग्राही जोड़ने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है. मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी और चुनाव में गेमचेंजर साबित हुई लाडली बहना योजना को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है.मध्यप्रदेश सरकार लगातार दावा करते आ रही है कि लाडली बहना योजना की राशि 3 हज़ार रुपये तक बढ़ाई जाएगी लेकिन महिला एवं बाल विकास मंत्री ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल के सवाल पर लिखित में जवाब दिया है कि विभाग स्तर पर कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है. साथ में यह भी बताया गया कि लाडली बहना योजना में नए हितग्राही जोड़ने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है .

## भाजपा सरकार का बजट जुमलों का पुलिंदा, जनता के साथ धोखा : जीतू पटवारी



भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार के बजट 2025-26 को निराशाजनक और गुमराह करने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी और जुमलों का पुलिंदा है। इसमें न जनता की भलाई के ठोस प्रावधान हैं, न ही बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं का कोई समाधान है।

मुख्यमंत्री का दावा, लेकिन हकीकत कुछ और:-

पटवारी ने कहा कि बजट में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए कोई योजनाएं लाई गई हैं। गोपालक किसानों, एमएसएमई उद्योगों, स्टार्टअप्स के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि गरीबों को राहत नहीं, किसानों को उनकी फसलों के दाम नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं और महिलाएं असुरक्षित हैं। यह बजट केवल चुनावी एजेंडे के तहत दिखावटी योजनाओं से भरा हुआ है।

बेरोजगारी पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक:-

पटवारी ने कहा, भाजपा सरकार 'उद्योग और रोजगार वर्ष' मनाने की बात कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। युवा सरकारी भर्तियों के इंतजार में सालों से ठगा महसूस कर रहे हैं। व्यापमं घोटाले के बाद से भर्तियों की प्रक्रिया ठप है और निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजन के कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

किसानों को ठगने वाला बजट:-

मुख्यमंत्री द्वारा गोपालक किसानों के लिए खास योजना की बात पर कटाक्ष करते हुये पटवारी ने इसे महज दिखावा करार दिया है। भाजपा सरकार केवल किसानों को सपने दिखाने में लगी है। पहले डबल इंजन सरकार ने किसानों की कर्जमाफी की बात की, फिर उसे भुला दिया गया। आज भी किसान अपनी उपज के उचित दाम और समय पर खाद-बीज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में सुधार की बजाय सरकार केवल प्रचार पर ध्यान दे रही है।

महंगाई और भ्रष्टाचार पर चुप्पी क्यों?:-

पटवारी ने सवाल उठाया कि सरकार ने इस बजट में महंगाई और भ्रष्टाचार पर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया? उन्होंने कहा, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थ, रसोई गैस सभी की कीमतें आसमान छू रही हैं। जनता को राहत देने के बजाय सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है।

स्टेडियम और एमएसएमई सिर्फ चुनावी घोषणाएं?:-

पटवारी ने कहा, पिछले बजटों में भी सरकार ने खेल और उद्योगों के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन हकीकत यह है कि कई जिलों में पहले से स्वीकृत स्टेडियम अधूरे पड़े हैं और एमएसएमई सेक्टर ठप हो चुका है।

सिंहस्थ 2028 का बहाना, जनता के विकास पर ध्यान नहीं:-

पटवारी ने कहा, सिंहस्थ 2028 के नाम पर भाजपा सरकार भारी-भरकम बजट तो बना रही है, लेकिन क्या आम जनता को मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं? साधु-संतों और घाटों के लिए बजट का प्रावधान करना अच्छा है, लेकिन क्या सरकार जनता के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर भी इतनी ही गंभीर है?

## गर्भवती बहन की देखभाल के लिए आई साली से जीजा ने किया रेप

### - साली की दूसरे युवक से हो गई शादी, दो महीने बाद पता चला 5 महीने प्रेग्नेंट होने की बात

#### पति ने मायके लाकर छोडा, साली ने बच्चे के जन्म के बाद दर्ज कराई एफआईआर

भोपाल(ए.)। गोविंदपुरा थाना इलाके में अपनी गर्भवती बड़ी बहन की देखभाल के लिये नर्मदापुरम से आई 22 वर्षीय साली के साथ मौका पाकर उसके जीजा जितेन्द्र ने ही दुष्कर्म कर डाला। घटना 1 जनवरी 2024 की है। परिवार की बदनामी और बहन का घर न बिगड़े इस कारण पीड़िता ने उस समय जीजा की करतूत के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया और वापस चली गई। थोड़े समय बाद लड़की के परिवार वालो ने अच्छा रिश्ता आने पर उसकी शादी दूसरे लड़के से कर दी। शादी के दो महीने



बाद ही पीड़िता को पेट दर्द की शिकायत होने लगी। ससुराल वाले जब उसे इलाज के लिये डॉक्टर के पास लेकर गये तब चेकअप कराने पर पता चला की उसे पांच महीने का गर्भ है, जबकि शादी को दो महीने ही बीते थे। इसके बार दोनो परिवारो के बीच खासी तनातनी हो गई, और पीडिता के गुस्साये पति ने उसे उसके परिजनो के पास मायके लाकर छोड़ दिया। पिछले दिनों पीड़िता ने बच्चे को जन्म भी दिया और इसके बाद भोपाल आकर जीजा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस को पीड़िता ने बताया की उसकी बड़ी बहन भोपाल के गोविंदपुरा इलाके में रहती है। बड़ी बहन को पिछले साल डिलीवरी होना थी। उसकी और घर की देखभाल के लिए वह नर्मदापुरम से उसके घर भोपाल आकर रह रही थी। 1 जनवरी 2024 को वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान उसके जीजा जितेन्द्र ने उसे अकेला पाकर जबरदस्ती ज्यादती कर दी। पीड़िता साली की शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी जीजा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।





## वीआईपी रोड पर बोर्ड चोरी करते दो युवको का वीडियो हुआ वायरल

### जाली भी उखाड़ी, नशीला पर्दाथ तैयार करते नजर आये आरोपी युवक

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल में बीते दिनो आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए नगर निगम ने करोड़ों रुपए खर्च कर शहर की खूबसूरती के लिये कई प्रशंसनीय काम कराए थे, जिन्हें देखने के लिये राजधानीवासी भी बड़ी संख्या में आ रहे है। इसी कड़ी में निगम ने वीआईपी रोड पर अन्य सौंदर्यकरण के कार्यो के साथ ही बीएमसी के बोर्ड भी लगाए थे। इनमें से एक बोर्ड को कुछ युवकों ने तोड़ दिया और जाली भी उखाड़ ली। दो युवकों की इस हरकत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में एक युवक बीएमसी का बोर्ड उखाड़कर ले जाते हुए नजर आ रहा है, जबकि दूसरे युवक के हाथ में नशीला पदार्थ रखा था। वीडियो में वे बोर्ड और जाली को बेचने की बात कहते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक तीसरा युवक भी दिखाई देता है, जो पास में ही फुटपाथ पर बैठा अपने हाथ में नशीला पर्दाथ तैयार कर रहा है। वीडिया बनाने वाले व्यक्ति की आवाज भी सुनाई दे रही है, वह कह रहा है की चोरी करने वाले दोनो युवक काफी नशे है, और पास बैठा तीसरा युवक गांजा तैयार कर रहा है। मामले में नगर निगम ने थाने में शिकायत की है।









दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से

होली की शुभकामनाएं

# उज्जैन की अनोखी होली, चकमक पत्थर से दहन, तीन हजार वर्ष पुरानी परंपरा, राजा भर्तृहरि से कनेक्शन



उज्जैन (ए.)। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में होली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। उज्जैन की सबसे प्राचीन होलिका दहन की परंपरा सिंहपुरी क्षेत्र की है। यह प्राचीन परंपरा, प्रकृति संरक्षण की मिसाल है। जहां कंडों की होली एक प्राचीन परंपरा है। आताल-पाताल महाभैरव क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुरी में पांच हजार कंडों की होलिका तैयार की जाती है। इस होली में लकड़ी का उपयोग नहीं किया जाता है। एक के ऊपर एक सात गोले बनाकर कंडों की होली सजाई जाती है और तड़के चकमक पत्थर से अग्नि प्रज्ज्वलित कर होली दहन होता है। सिंहपुरी की होली को सिंधिया स्टेट के समय से ही सबसे प्राचीन होली का दर्जा प्राप्त है।



सिंहपुरी की होली 3000 साल पुरानी तो है, लेकिन इस होली से कई मान्यता जुड़ी हुई हैं। पूर्णिमा को शाम के समय सुहागिन महिलाओं और विवाह योग्य युवतियों द्वारा सौभाग्य सामग्री से होलिका का पूजन किया जाता है। गुड़ से बने व्यंजनों का भोग अर्पित होता है। मनोकामना पूर्ति के लिए गोबर और पताशे की माला अर्पित की जाती है। सुबह ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक अग्नि का आह्वान कर होलिका में अग्नि समर्पित की जाती है। प्राचीन समय में इस प्रक्रिया में चकमक पत्थर का उपयोग होता था। दूर-दूर से लोग इस होलिका के दर्शन करने आते हैं। सिंहपुरी की होली में भारतीय संस्कृति में मनीषियों ने हजारों साल पहले इस बात को सिद्ध कर दिया था कि पंच तत्वों की शुद्धि के लिए गोबर का विशेष रूप से उपयोग होता है। यही परंपरा यहां तीन हजार साल से स्थापित है। सिंहपुरी की होली का उल्लेख श्रुत परंपरा के साहित्य में लगभग तीन हजार साल पुराना है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सिंहपुरी की होली में सम्मिलित होने के लिए राजा भर्तृहरि आते थे। यह काल खंड ढाई हजार साल पुराना है।

## महिला कांग्रेस ने दुष्कर्म की घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, सरकार पर लगाए गभीर आरोप



उमरिया (ए.)। भोपाल में आदिवासी युवती के साथ हुए दुष्कर्म और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में महिला कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश जताया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सरकार पर सवाल उठाए।

महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिससे पुलिस कार्रवाई करने में असमर्थ है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

कैंडल मार्च का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अजय सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर अपराध के बावजूद सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है।

## खेत की रखवाली कर रहे व्यक्ति की मौत, परिजन कर रहे थे अंतिम संस्कार की तैयारी, पुलिस ने इसलिए रोका

दमोह (ए.)। दमोह जिले के मड़ियादो थाना क्षेत्र के ग्राम कलकुआ बंजारा टोला में खेत की रखवाली कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौत को संदिग्ध मानते हुए केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, परसा उर्फ बूचा (45) घर से कुछ ही दूरी पर स्थित खेत में मंगलवार रात फसल की रखवाली करने गया था। बुधवार सुबह उसे मृत अवस्था में खाट पर पड़ा देखा गया। परिजन मौत को हार्ट अटैक मानकर दोपहर में अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे। उसी दौरान हंड्रेड डायल पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दरअसल, मड़ियादो मदनटोर से बंजारा समुदाय की बारात कलकुआ बंजारा टोला आई थी। बारात मृतक के घर के समीप ही थी। कुछ बाराती रात में ही वापस लौट गए और उन्होंने युवक की फांसी से मौत की चर्चा फैला दी। हालांकि, किसी ने भी उसे फांसी लगाते नहीं देखा, लेकिन पुलिस को मृतक की गर्दन पर निशान मिले। ऐसे पुलिस ने मौत के संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## महू में ड्रोन से निगरानी, विधायक ठाकुर ने कहा-उपद्रवियों से वसूले तोड़फोड़ का खर्च

इंदौर(ए.)। महू में रविवार को हुए उपद्रव के बाद अब हालात सामान्य है, लेकिन होली के त्यौहार को देखते हुए महू में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। महू में 20 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन के सार्वजनिक कार्यक्रम होते है। वहां पुलिस की निगरानी रहेगी।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ड्रोन से निगरानी रख रही है। उधर महू विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उपद्रवियों ने दस से ज्यादा वाहनों में तोड़फोड़ और चार दुकानों में आग लगाई है।



जिन उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे ही नुकसान की भरपाई की जाना चाहिए।

प्रशासन को उनसे पैसा लेकर प्रभावितों को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा उपद्रव सुनियोजित साजिश के तहत किया गया। पुलिसकर्मियों पर तलाशी के दौरान मिर्ची से भरा पानी भी फेंका गया। पत्थर पहले से जमा करके रखे गए थे। उधर शहर के हिन्दू संगठनों ने महू में परंपरागत फाग यात्रा निकालने की घोषणा भी की है।

### संवेदनशील क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

बुधवार रात को महू के संवेदनशील क्षेत्र पत्ती बाजार, कोतवाली क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च निकाला। इसके अलावा तलाशी अभियान भी चलाया गया। संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास पुलिस ने फिक्स पाइंट बनाए है।

## धार में सड़क हादसे में आठ की मौत, गलत दिशा में आ रहे गैस टैंकर ने कार और पिकअप को मारी टक्कर

धार (ए.)। बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार रात तीन वाहनों टैंकर, कार और पिकअप वैन के बीच हुई भीषण टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। हादसे में कार सवार एयू बैंक के एरिया मैनेजर सहित चार कर्मचारियों ने दम तोड़ा वहीं पिकअप वैन में सवार चार लोगों की भी दर्दनाक मौत हो गई। पिकअप वैन में सवार एक गंभीर घायल है और टैंकर चालक भी घायल है। उनका उपचार जारी है।

## होली और जुमा एक दिन, सुरक्षा सख्त, खुशी से मनाओ त्योहार, हुड़दंग किया तो पुलिस करेगी कार्रवाई



खंडवा (ए.)। देशभर में इन दिनों त्योहारों का मौसम है। वहीं, होली और जुमा एक ही दिन शुक्रवार को होने के कारण संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की परीक्षा भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को होली और फिर 20 मार्च को रंगपंचमी भी है। खंडवा जिला पुलिस की संवेदनशील सूची में माना जाता है। यहां पूर्व के वर्षों में कई बार दो समुदायों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी को देखते हुए शहर को सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह सील कर दिया गया है। पुलिस 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई है।

हालांकि, लोग शांति से त्योहार मना सकते हैं, लेकिन गड़बड़ी करने वालों को पुलिस नहीं छोड़ेगी। इसे लेकर पुलिस लिस्टेड गुंडे-बदमाशों को भी हिरासत में ले रही है।

### गेर-फाग वालों की सूची बनी

एक्शन मोड में नजर आ रही खंडवा पुलिस के कप्तान एसपी मनोज राय ने कहा है कि हमने आयोजकों, रक्षा समिति, फाग यात्रा और गेर निकालने वालों के साथ बैठकें की हैं। यह सुनिश्चित किया है कि सभी के बीच किसी तरह का संचार गैप न हो। असामाजिक तत्वों और गुंडों पर कार्रवाई की गई है और उन्हें सचेत किया गया है। वहीं, शराब पीकर गुंडागर्दी करते पाए जानें वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खुराफातियों पर कड़ी नजर

त्योहारों को लेकर पुलिस की तैयारियों की बात करें तो विशेष टी-शर्ट और बिल्ले ग्राम रक्षा समितियों को बांटे गए हैं। विशेष पुलिस अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

## व्यापार समाचार

## यामाहा पहली हाइब्रिड बाइक 2025 एफझेड-एस एफआई लॉन्च



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में इंडिया यामाहा मोटर ने अपनी पहली हाइब्रिड बाइक 2025 एफझेड-एस एफआई लॉन्च कर दी है। बाइक के इंजन में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसमें 149 सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो अब ओबीडी-2बी नॉर्म्स के अनुरूप है।

इसके अलावा, यामाहा ने इसमें स्मार्ट मोटर जनरेटर (एसएमजी) और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम (एसएसएस) जोड़ा है, जिससे बाइक की फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ेगी और स्मूथ स्टार्टिंग का अनुभव मिलेगा। यह सिस्टम ट्रैफिक में स्टॉप के दौरान इंजन को ऑटोमैटिक बंद कर देता है और क्लच दबाते ही तुरंत स्टार्ट हो जाता है।

# होली पर 2000 करोड़ के कारोबार की उम्मीद



नई दिल्ली (ए.)। होली को लेकर दिल्ली के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है, जहां गुलाल, रंग, पिचकारी, मिठाइयां और सजावटी सामान की बिक्री की दुकानों पर काफी भीड़ नजर आ रही है। 14 मार्च को राजधानी के 700 से अधिक बाजार पूरी तरह बंद रहेंगे। व्यापारियों का अनुमान है कि इस बार राजधानी में करीब 2000 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन के मुताबिक इस साल होली मिलन समारोहों की संख्या चार गुना तक बढ़ गई है, जिससे बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। दिल्ली में इस बार होली का जश्न बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है, जहां 5000 से अधिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मार्केट एसोसिएशन्स, सामाजिक संस्थाएं और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बड़े पैमाने पर आयोजन कर रही हैं, जिनमें गुलाल और फूलों की होली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और शानदार खान-पान खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इन आयोजनों से टेंट हाउस, कैटरिंग, साउंड-डीजे, इवेंट ऑर्गेनाइजर, पोशाक विक्रेता, मिठाई कारोबारी, फूल विक्रेता, शराब कारोबारी और डेकोरेटर्स को जबरदस्त फायदा होगा। इस साल होली की तैयारियों ने व्यापारियों के लिए बड़ा व्यापारिक अवसर खोल दिया है।


## होली से पहले शेयर बाजार की तेज शुरुआत

### - सेंसेक्स 363 अंक उछलकर 74,392 पर खुला, निफ्टी 22,500 के करीब




मुंबई (ए.)। वैश्विक बाजार से मिले पॉजिटिव रुझानों, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल जैसे हैवीवेट स्टॉक्स में बढ़त के दम पर होली से एक दिन पहले घरेलू शेयर बाजार पर हरा रंग चढ़ गया। बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 गुरुवार को मजबूती के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 363 अंकों की तेजी के साथ 4,393 पर खुला, लेकिन जल्द ही शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 100 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 74,135 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 50 लगभग 22,500 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार आज फरवरी के महंगाई (सीपीआई) आंकड़े और जनवरी के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) डेटा पर प्रतिक्रिया देने की संभावना है। गौरतलब है कि होली के त्योहार के कारण भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार, 14 मार्च को बंद रहेंगे। सेंसेक्स 30 के प्रमुख स्टॉक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील शुरुआती बढ़त दर्ज करने वाले शेयरों में शामिल रहे।

### महाकुंभ के कारण मांसाहारी खाने की खपत घटी, सब्जियों की महंगाई में तेज गिरावट; RBI 1% घटा सकता है दर



नई दिल्ली (ए.)। खुदरा महंगाई में तेज गिरावट के पीछे इस बार महाकुंभ का योगदान है। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि महाकुंभ के दौरान लोगों ने मांसाहारी खाना से परहेज किया। इससे लहसुन और प्याज की खपत में भारी कमी आई। सब्जियों में इन दोनों का योगदान सबसे ज्यादा होता है। इसलिए इनकी खपत घटने से सब्जियों की महंगाई घटी है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई में भारी नरमी (मासिक आधार पर 1.85 फीसदी घटकर 3.84त्न) के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.6त्न पर आ गई। यह गिरावट सब्जियों के दाम में कमी के कारण हुई, जो 20 महीनों के बाद नकारात्मक 1.07 फीसदी पर आ गई। इसमें 80 फीसदी गिरावट केवल तीन सब्जियों (लहसुन, आलू, टमाटर) के कारण हुई।

# सोना 86,875 के सार्वजनिक उच्च स्तर पर, चांदी भी चमकी

नई दिल्ली (ए.)। होली से पहले सोने-चांदी के भाव में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। होलिका दहन के दिन गुरुवार को सोने के वायदा भाव 86,875 रुपये के सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए, जबकि चांदी के भाव खुले तो तेजी के साथ लेकिन बाद में नरम पड़ गए। गुरुवार को सोने के वायदा भाव 86,850 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 99,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी, जबकि चांदी के भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 130 रुपये की तेजी के साथ 86,816 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 86,686 रुपये था। इस समय यह 169 रुपये की तेजी के साथ 86,855 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 86,792 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 86,975 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 86,875 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 5 रुपये की तेजी के साथ 99,481 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 99,476 रुपये था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रेक्ट 59 रुपये की गिरावट के साथ 99,417 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 99,481 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 99,227 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।



पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में सोने भाव तेजी के साथ कारोबार करने लगे। कॉमेक्स पर सोना 2,943.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,946.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.70 डॉलर की तेजी के साथ 2,952.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.72 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.74 डॉलर था। इस समय यह 0.02 डॉलर की नरमी के साथ 33.72 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 87.01 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 87.03 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अनुकूल वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में भी खरीदारी का जोर रहा। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, दुनिया भर में शुल्क तनाव बढ़ने से विदेशी पूंजी का बहिर्गमन जारी रहा, लेकिन कमजोर अमेरिकी मुद्रा सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों के निचले स्तर ने स्थानीय इकाई को मजबूती दी।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.13 पर मजबूती से खुला और फिर शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.03 के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसा टूटकर 87.22 पर बंद हुआ था। मंगलवार को रुपये में 10 पैसे की मजबूती आई थी। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.57 पर था।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 0.01 प्रतिशत टूटकर 70.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## डॉनल्ड ट्रंप के आक्रामक लहजे

चीनी दूतावास ने कहा- अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य, तो हम अंत तक लडने को तैयार हैं।' इस पर आक्रामक रुख अपनाते हुए अमेरिका ने कहा- हम शांति चाहते हैं, लेकिन युद्ध के लिए भी तैयार हैं।

डॉनल्ड ट्रंप के आक्रामक लहजे ने दुनिया में समीकरण बदल दिए हैं, वहीं तनाव और आशंकाओं को पहले ज्यादा गहरा कर दिया है। बदले समीकरणों की सबसे साफ झलक यूरोप में देखने को मिली है, जहां विभिन्न देश इस हकीकत के रू-ब-रू हैं कि अब वे अमेरिका के सुरक्षा साये पर भरोसा नहीं कर सकते।

तो नव-उदारवादी नीतियों के तहत अपनाए गए राजकोषीय अनुशासन को अलविदा कहते हुए उन्होंने 500 बिलियन यूरो ऋण लेकर सशस्त्र तैयारी करने का इरादा जताया है। मगर तनाव का असल मोर्चा अलग है।

ट्रंप ने चार मार्च से चीन पर टैरिफ की नई दर लागू की। कनाडा और मेक्सिको के साथ चीन पर भी उन्होंने मादक पदार्थ फेंटानील की अमेरिका में तस्करी में सहायक बनने का इल्जाम लगाया है।

इस पर चीनी विदेश मंत्रालय ने कड़ा जवाब दिया। उसे टैग करते हुए वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने जो कहा, वह अपशकुन का संकेत है। दूतावास ने कहा-अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ वॉर हो या कोई अन्य, तो हम अंत तक लडने को तैयार हैं।'

इस पर आक्रामक प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेट ने कहा- जो शांति चाहते हैं (यानी अमेरिका), वे युद्ध के लिए भी तैयार रहते हैं। इसके पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट से वह दस्तावेज हटा दिया था, जिसमें एक चीन नीति' के प्रति अमेरिका की वचनबद्धता दर्ज थी। उधर ताइवान को नए हथियार देने की घोषणा भी ट्रंप प्रशासन ने की है।चीन इस पर भड़का हुआ है। गौरतलब है, चीन की राय में ताइवान उसकी रेडलाइन है। बहरहाल, मुश्किल यह है कि ट्रंप प्रशासन ने ताइवान पर भी अपने चिप कारोबार के जरिए अमेरिका को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। वहां की मशहूर चिप निर्माता कंपनी टीएसएमसी को अमेरिका में 100 बिलियन डॉलर अतिरिक्त निवेश के लिए उसने प्रेरित किया है। इससे ताइवान में आशंकाएं गहराई हैं कि अमेरिका रणनीतिक रूप से उसे अप्रासंगिक करने की दिशा में बढ़ रहा है। यूक्रेन के प्रति अचानक बदली अमेरिकी नीति के कारण अमेरिका के दोस्त देशों का भरोसा वैसे भी डिगा हुआ है।




विधायक कुलदीप कुमार ने अन्य लोगों के साथ मिलकर नई दिल्ली के आईटीओ चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि भाजपा होली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है।

# बदलते ज़माने की रंग बदलती होली

**-प्रियंका सौरभ**

आज हम जो होली मनाते हैं, वह पहले की होली से काफ़ी अलग है। पहले, यह त्यौहार लोगों के बीच अपार ख़ुशी और एकता लेकर आता था। उस समय प्यार की सच्ची भावना होती थी और दुश्मनी कहीं नहीं दिखती थी। परिवार और दोस्त मिलकर रंगों और हंसी-मजाक के साथ जश्न मनाते थे। जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए हैप्पी होली के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और ख़ुशी-ख़ुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज़ और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। आओ राधे खेलें फाग, होली आई के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी



ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए हैप्पी होली के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण होली मुबारक ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज़्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।


होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहाँ चली गई है?

आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और भांग की भावना में डूबे हुए फगुआ गीत गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस ख़ुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

# राजनीति में धनबल का असर


**अजीत द्विवेदी**

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में कुछ बड़े चुनाव सुधारों की जरुरत है। उनमें एक सुधार धनबल और बाहुबल के असर को रोकने का है। पिछले कई दशक से इसका प्रयास हो रहा है। परंतु मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की। राजनीति में धनबल का असर इतना बढ़ गया है कि करोड़पति होना अब चुनाव जीतने की पहली शर्त है। इसी तरह बाहुबलियों या दबंगों के चुनाव जीतने की संभावना दूसरे लोगों से ज्यादा होती है। अगर ऐसा नहीं होता तो जितने विवाद कुश्ती संघ के ब्रजभूषण शरण सिंह को लेकर हुए थे उन्हें देखते हुए वे हर पार्टी के लिए अछूत हो जाते। लेकिन भाजपा ने उनके बेटे करण सिंह को फिर भी टिकट दिया और उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बावजूद वे उस सीट से जीते, जहां से उनके पिता पिछले कई बार से जीत रहे थे।ऐसी अनेक मिसालें देश के अलग अलग राज्यों की दी जा सकती है। तभी चुनाव की पवित्रता और लोकतंत्र की मूल भावना को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि बाहुबलियों या अपराधी छवि के लोगों को राजनीति में आने या चुनाव लडने से रोका जाए। परंतु क्या इसका उपाय यह हो सकता है कि उनके चुनाव लडने पर कानूनी रोक लगा दी जाए? इस सवाल का जवाब होगा, नहीं! असल में जब भी राजनीति में अपराधी छवि या दागी छवि के लोगों की एंट्री की बात होती है तो आदर्शवादी लोगों की एक जमात हमेशा कहती है कि कानून बना कर इनके चुनाव लडने पर रोक लगा देनी चाहिए।सोशल मीडिया में भी इस विरोधाभास की अक्सर चर्चा होती



है कि जेल में बंद व्यक्ति को वोट डालने का अधिकार नहीं होता है लेकिन जेल में बंद व्यक्ति को चुनाव लडने का अधिकार होता है। इस विरोधाभास को समाप्त करने की जरुरत है।परंतु कानूनी रूप से इसको रोकने के कई खतरे हैं। एक खतरा तो यही है कि जो भी सत्ता में होगा वह अपने विरोधियों को चुनाव लडने से रोकने के लिए किसी न किसी मामले में फंसा कर जेल में डाल सकता है। दूसरे, सक्रिय राजनीति करने वाले हर नेता पर किसी न किसी तरह का मुकदमा रहता है। धारा 144 के उल्लंघन से लेकर सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क रोकने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने आदि के मुकदमे अक्सर नेताओं के ऊपर दर्ज होते हैं।ऐसे राजनीतिक मामलों में भी उनको जेल में डाल कर चुनाव लडने से रोका जा सकता है। इन खतरों की वजह से ही यह मामला अभी तक टलता आ रहा है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर हुई है, जिसमें सजायाफ्ता नेताओं के चुनाव लडने पर स्थायी रोक लगाने की मांग की गई। भाजपा के नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व कानून दो साल या उससे ज्यादा की सजा पाने वाले दोषी व्यक्तियों को सजा की अवधि खत्म होने के बाद छह साल तक चुनाव लडने से रोकता है। जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा आठ के तहत यह प्रावधान है।कोई नौ साल पहले दायर याचिका में इस धारा को चुनौती दी गई है और मांग की है कि दो साल या उससे ज्यादा सजा पाने वाले व्यक्तियों पर आजीवन चुनाव लडने की पाबंदी लगाई जाए। इसमें यह भी कहा गया है कि नेताओं से जुड़े मामलों की जल्दी से जल्दी सुनवाई और फैसला हो। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी इस की गंभीरता को समझा और यह सवाल पूछा कि जिस तरह से सजा पाए लोगों के सरकारी नौकरी करने पर रोक है उसी तरह सजा पाए व्यक्ति के चुनाव लडने और जन प्रतिनिधि बनने पर भी रोक होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि कानून तोडने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को फिर से कानून बनाने की जिम्मेदारी कैसे दी जा सकती है।

केंद्र सरकार ने इस मामले में बहुत साफ स्टैंड लिया है और कहा है कि चुनाव लडने पर स्थायी रोक लगाना ठीक नहीं है। सरकार ने धारा आठ के प्रावधानों का बचाव किया है और कहा है कि अभी जितनी रोक लगाई गई उतनी पर्याप्त है।




मेष राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है, आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरूस्कार भी मिलेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बात करेंगे। आप उन्हें कहीं घूमाने भी ले जायेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ चल रही गलत फहमियां आज दूर हो जायेगी, रिश्ते में और मजबूती बढ़ेगी। आज परिवार वालों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें, सफलता मिल सकती है। ऑफिस में बॉस आपके काम से काफी खुश रहेंगे। आज आप किसी भी प्रकार का नया फैसला लेने से बचें। कामकाज समय पर निपटाने की कोशिश करें।

मिथुन राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ज्यादातर समय दोस्तों के साथ बीतेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी समारोह में जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। इस राशि के लोगों का लवमेट के प्रति अन्य दिन की अपेक्षा अधिक झुकाव रहेगा। छात्रों को आज कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। आज आपको सावधानी से अपने सारे काम पूरे करने चाहिए। आज आप जरूरतमंद को वस्त्र दान करेंगे, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आप जरूरतमंदों के लिए संवेदनशील रहेंगे। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएँ शुरू करना चाह रहे हैं, तो उनकी योजनाएं सफल रहेंगी। आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता प्राप्त होगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपको कई बड़े फायदे होंगे। इस राशि वाले स्टूडेंट्स को अच्छे परिणाम मिलेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन प्यार भरा रहेगा। अपनी ईमानदारी के कारण आपको जीवनसाथी और परिवारजनों का स्नेह प्राप्त होगा। आप अपनों को खुश करने के लिए उन्हें कुछ उपहार देंगे। किसी नए व्यक्ति से मुलाकात होगी।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके मन में कुछ नया करने का विचार आ सकता है। किसी अपने से धन की प्राप्ति हो सकती है। पारिवारिक खुशी का लाभ होगा। आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ज्यादा मेहनत करेंगे। आज आपको दूसरों की मदद करने का मौके मिलेगा। आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा।

तुला राशि- आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं। जीवनसाथी को कुछ अच्छा-सा गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आपके रूके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आपके सामने आई समस्याओं को आप आसानी से हल कर सकते हैं। इस राशि के लोगों को आज संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप जिस भी काम को करेंगे उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। आपसे कई लोग मदद भी ले सकते हैं। आप लोगों को जरूरत के अनुसार ही सलाह दें। आपके विरोधी आपके काम में अड़चने डाल सकते हैं। बेहतर होगा कि अपने विरोधियों से दूरियां बनाकर रहें और आज सभी के साथ प्यार से पेश आएं। बदलते मौसम के कारण आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आ सकता है। आज घर के कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि- आज किसी बात को लेकर आपका मन उत्साहित रहेगा। आज आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका वैवाहिक जीवन पहले की अपेक्षा काफी खुशनुमा बना रहेगा। पूरी कोशिश करके आप परिवार वालों की जरूरतों को पूरा करेंगे। इस राशि की महिलाएं सौन्दर्य से संबंधित वस्तुओं पर पैसा खर्च कर सकती है। कुछ लोग फालतू बातचीत में आपका समय खराब कर सकते हैं।

मकर राशि- आज आपको व्यापार में अचानक फायदा होगा। आमदनी का नया सोर्स भी मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज आपको अच्छे कामों के लिए बधाई मिलेगी। आपकी सफलता दूसरों को प्रेरित करेगी। अपना मत बिना झिझक के सबके सामने रख सकते हैं, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। छात्रों के लिए समय अनुकूल बना हुआ है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुए है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन घूमने-फिरने में बीतेगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। हो सकता है कि माता-पिता के साथ मंदिर जाने का प्लान भी बनाएं। किसी काम का समाधान आपको मिल सकता है। कार्यों में मित्रों का भी सहयोग मिलेगा। आपके कामकाज से अधिकारीवर्ग प्रसन्न रहेंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपको बेहतर सलाह मिलेगी। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। अपने जीवनसाथी के साथ अच्छे पल बिताएंगे। आपके कंधों पर एक से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जो आगे चलकर आपके मान-सम्मान में कारगर साबित होंगी।

# एआई और महिला सशक्तिकरण: डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम

**सावित्री ठाकुर**

*आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है।*

एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में



आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ़्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29 प्रतिशत अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है।'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।



## एनसीआर में बढ़ती गर्मी के बीच फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

नोएडा ,(आरएनएस)। एनसीआर में मौसम लगातार बदलाव के दौर से गुजर रहा है। कभी तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं, तो कभी सुबह और शाम की ठंडी हवाएं राहत दे रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है, लेकिन इससे पहले गर्मी का असर भी महसूस किया जाएगा।

13 मार्च को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 13 से 15 मार्च के बीच बारिश की प्रबल संभावना बनी हुई है। होली के दिन भी एनसीआर में बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे मौसम ठंडा हो जाएगा।मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक 13 मार्च को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री, न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहने की संभावना है। 14 मार्च (होली) के दिन बादलों की आवाजाही के साथ बारिश हो सकती है। तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहेगा। 15 मार्च को हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव और बढ़ते तापमान के कारण लोग बीमार भी हो रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ में हो रही गड़बड़ी के चलते एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्मी के बावजूद सुबह और शाम ठंडक का अहसास हो रहा है।

आगामी बारिश के बाद नमी बढ़ेगी और सुबह-शाम ठंड और अधिक महसूस हो सकती है। लगातार बदलते इस मौसम के कारण लोगों को कई तरह की बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। बच्चों और बुजुर्गों को वायरल बुखार के साथ-साथ गले में इन्फेक्शन होने के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं।

## दिल्ली की सीएम ने शेल्टर होम में बच्चों संग मनाई होली, व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

नई दिल्ली ' (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम पहुंचीं। सीएम ने शेल्टर होम में खास बच्चों के साथ होली मनाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों को गुलाल लगाया और उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, आज मैंने आशा किरण के बच्चों के साथ होली मनाई और यह बहुत अच्छा अनुभव रहा। बच्चे बहुत खुश नजर आए। मुख्यमंत्री ने शेल्टर होम की सुविधाओं और बच्चों की रहने की व्यवस्था का जायजा भी लिया। सीएम ने कहा, मैं यह समझना चाहती थी कि बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं और व्यवस्था में क्या कमियां हैं। मैंने कुछ सुधारों की आवश्यकता महसूस की है और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द इन मुद्दों का समाधान करें।रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि वह भविष्य में बिना पूर्व सूचना के भी निरीक्षण करेंगी, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष देखभाल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पार्क की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को शेल्टर होम की क्षमता बढ़ाने के निर्देश भी दिए ताकि अधिक जरूरतमंद बच्चों को यहां आश्रय मिल सके। दिल्लीवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा, मैं सभी दिल्लीवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह पर्व खुशियों और रंगों का है, लेकिन हमें इसे जिम्मेदारी से मनाना चाहिए। पानी की बर्बादी न करें और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही, उन्होंने अपने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, होलिका दहन के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह ने चंडीगढ़ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बस को रवाना करने से पहले बस में सवार तीर्थ यात्रियों से बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना भी उसी का एक हिस्सा है, जिसमें प्रदेश सरकार 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा करवा रही है। इस योजना में वे परिवार शामिल हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए तक या इससे कम है। इस यात्रा में अंबाला व पंचकूला के लगभग 46 यात्री शामिल हैं। सभी यात्री अयोध्या जी दर्शन करेंगे उसके उपरांत हनुमान गढ़ी और सरयू नदी में स्नान करेंगे। योजना के तहत अब तक 800 से अधिक यात्रियों को तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए गए हैं।

# पेपर लीक से 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में, यह व्यवस्थागत विफलता : राहुल गांधी

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेपर लीक एक व्यवस्थागत विफलता है और इसका खात्मा तब ही होगा जब सभी राजनीतिक दल एवं सरकारें मतभेद भुलाकर तथा मिलकर कदम उठाएंगे। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेपर लीक होने से छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में है। राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में - पेपर लीक होना हमारे युवाओं के लिए सबसे ख़तरनाक चक्रव्यूह बन गया है। पेपर लीक मेहनती छात्रों और उनके परिवारों को अनिश्चितता और तनाव में धकेल देता है, उनके परिश्रम का फल उनसे छीन लेता है। साथ ही यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।



उन्होंने कहा कि अभी एक साल भी नहीं हुआ, जब नीट के पेपर लीक ने देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे विरोध के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार ने नए कानून के पीछे छुप कर उसे समाधान बताया, लेकिन इतने सारे हालिया लीक ने उसे भी विफल साबित कर दिया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, यह गंभीर समस्या एक व्यवस्थागत विफलता है। इसका खात्मा सभी राजनीतिक दलों और सरकारों द्वारा मतभेद भुलाकर, मिलकर कड़े कदम उठाने से होगा। इन परीक्षाओं की गरिमा बनी रहे, यह हमारे बच्चों का अधिकार है और इसे हर हाल में सुरक्षित रखना होगा।

## कनॉट प्लेस के रेस्तरां में आग लगने से छह लोग घायल

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बिक्गाने बिरयानी रेस्तरां में बृहस्पतिवार को आग लग गई, जिसमें छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डीएफएस ने पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर सूचना मिलने के बाद दमकल के छह वाहनों को घटनास्थल पर भेजा। फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। अधिकारी ने बताया कि रेस्तरां के रसोईघर में एलपीजी सिलेंडर लीक होने के कारण आग लग गई और घायलों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया है।

## कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात, मैदानी इलाकों में बारिश



श्रीनगर (ए.)। मौसम विभाग ने रविवार सुबह तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात का अनुमान जताया है। विभाग ने कहा कि इसके बाद मौसम में सुधार होने की संभावना है। कश्मीर के ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में बृहस्पतिवार को हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला स्थित गुलमर्ग, बांदीपोरा के गुरेज और कुछ अन्य स्थानों पर रातभर हिमपात हुआ जो सुबह तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि श्रीनगर सहित अधिकांश मैदानी इलाकों में मध्यम से भारी बारिश हुई। गुरेज में भारी हिमपात और हिमस्खलन के खतरे के कारण अधिकारियों ने 15 मार्च तक स्कूल बंद करने का आदेश दिया है। इस बीच मौसम विभाग ने रविवार सुबह तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात का अनुमान जताया है।

## मनीष सिसोदिया-सत्येंद्र जैन को झटका, भ्रष्टाचार मामले की होगी जांच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी मंजूरी



नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दिल्ली सरकार द्वारा स्कूल के कमरों/भवनों के निर्माण में अनियमितताओं के संबंध में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ औपचारिक जांच शुरू करने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 ए के तहत दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को मंजूरी दे दी। सिसोदिया शिक्षा मंत्री थे, जबकि जैन दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री थे। जुलाई 2018 में केंद्र द्वारा एक संशोधन के माध्यम से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में धारा 17ए डाली गई थी, जिससे पुलिस, सीबीआई या भ्रष्टाचार के अपराधों से निपटने वाली किसी भी अन्य एजेंसी के लिए भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी अपराध में कोई भी जांच करने के लिए पूर्व अनुमोदन लेना अनिवार्य हो गया। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 17 फरवरी, 2020 की एक रिपोर्ट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा दिल्ली सरकार के स्कूलों में 2,400 से अधिक कक्षाओं के निर्माण में घोर अनियमितताओं को उजागर किया। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने 2022 में कथित घोटाले की जांच की सिफारिश की और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी। 18 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। 60 वर्षीय दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई थी।

## दूसरी जाति के युवक से प्रेम करने के लिए युवती की हत्या, पिता और चाचा गिरफ्तार

भावनगर (ए.)। गुजरात के भावनगर जिले में एक व्यक्ति को अंतरजातीय प्रेम संबंध के चलते अपनी 19 वर्षीय बेटी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक मिहिर बरैया ने बताया कि युवती की सात मार्च को गला घोंटकर हत्या कर दी गई और उसके शव का जल्दबाजी में और गुप्त तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया गया, जिससे रिश्तेदारों को संदेह हुआ। उन्होंने कहा, दीपक राठौड़ अपनी बेटी के दूसरी जाति के युवक से प्रेम करने से नाराज था। उसने अपनी छोटी बेटी की मौजूदगी में युवती का गला घोंट दिया और उसे धमकी दी गई कि अगर वह अपनी बड़ी बहन के नक्शेकदम पर चली तो उसका भी यही हश्र होगा। अधिकारी ने कहा कि दीपक ने अपने भाई लालजी राठौड़ की मदद से गांव के श्मशान घाट पर शव का गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया।


## संभल सीओ अनुज चौधरी के पिता ने बेटे की जान को बताया खतरा, सरकार से मांगी सुरक्षा

मुजफ्फरनगर,(आरएनएस)। संभल के सीओ अनुज चौधरी के होली वाले बयान पर खूब बवाल मचा हुआ है। उन्हें लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। इसी बीच, पुलिस अधिकारी के पिता बृजपाल सिंह चौधरी ने बेटे (अनुज चौधरी) की जान को खतरा बताया है। उन्होंने सरकार से उनकी सुरक्षा की मांग की है।अनुज चौधरी के पिता ने कहा कि जिस तरह से उनके बेटे को लेकर देश में माहौल बन रहा है, उन्हें लेकर बयान दिए जा रहे हैं, इससे उन्हें डर लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह मामला पाकिस्तान तक पहुंच गया है। इसलिए, सरकार को इस पर ध्यान



देना चाहिए। उन्होंने सरकार से अनुज चौधरी की सुरक्षा की मांग की है।आप नेता व सांसद संजय सिंह के लफंडर बयान पर अनुज चौधरी के पिता ने कहा कि अगर वह अपना बयान वापस नहीं लेते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होंने संजय सिंह से पूछा कि क्या अर्जुन पुरस्कार विजेता लफंडर होते हैं? उन्हें राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलता है, आप ऐसे बयान कैसे दे सकते हैं?बृजपाल सिंह चौधरी ने कहा, लफंडर तो ऐसे होते हैं, संजय सिंह शराब बिक्री मामले में जेल के अंदर रहे, सारी दिल्ली को बेचकर खा गए, लफंडर तो ऐसे होते हैं।

## देश में होली, दीपावली तब तक मना सकते हैं, जब तक सनातनियों की संख्या ज्यादा : देवकीनंदन ठाकुर



मथुरा, (आरएनएस)। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर गुरुवार को मथुरा में होली महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने होली गीत गाए और भक्तों के साथ होली खेली। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि देश में होली, दीपावली, जन्माष्टमी और नवरात्रि तब तक ही मनाई जा सकती हैं, जब तक इस देश में सनातनियों की संख्या सबसे ज्यादा है।

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने पाकिस्तान में बच्ची के साथ हुई घटना का जिक्र किया। कहा, ऐसा संदेश सुनने को मिला है। 14 वर्ष की बच्ची के साथ दो महीने तक पाकिस्तान में अत्याचार किया गया। अगर ऐसे ही अत्याचार बढ़ते रहे और हम लोगों ने आवाज उठाई तो मुझे नहीं लगता कि आने वाले समय में हम लोग होली मना पाएंगे।

उन्होंने आगे कहा, मैं सभी से अपील करूंगा कि होली को बचाने के लिए एकजुट हो जाएं और इसलिए मैं सनातन बोर्ड बनाने की भी मांग करता हूं। हमारी यही कोशिश होगी कि अगली होली श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई जाए।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह होली मुबारक' नहीं बल्कि होली की शुभकामनाएं दें, क्योंकि मुबारक तो कुछ और होता होगा। हमारे यहां तो शुभकामनाएं दी जाती हैं।कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने होली के पर्व पर लोगों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार नशे और गुंडागर्दी मनाने का नहीं है, इसलिए सभी लोगों को कसम खानी चाहिए कि किसी भी पर्व पर नशा नहीं करना चाहिए और जुआ भी नहीं खेलना चाहिए।बता दें कि वृंदावन स्थित श्री प्रियाकान्त जू मंदिर में गुरुवार को देवकीनंदन महाराज ने हाइड्रोलिक पिचकारी का उपयोग करके भक्तों पर रंगों की वर्षा की। हाइड्रोलिक होली इस मंदिर में होली उत्सव की एक विशेषता है।विगत आठ दिनों से श्री प्रियाकांत जू मंदिर में होली खेली जा रही है। मंदिर में होली उत्सव की शुरुआत विश्व शांति प्रार्थना और श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के साथ हुई। कार्यक्रम के पहले दिन प्रमुख आध्यात्मिक नेताओं ने भाग लिया, जिसमें हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज और सत्यमित्रानंद महाराज शामिल थे, जिन्होंने व्यासपीठ पूजन किया और भक्तों को संबोधित किया था।

## गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात से तीन दिवसीय असम और मिजोरम दौरे पर : हिमंत



दिसपुर (ए.)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर राज्य (असम) और मिजोरम के तीन दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार रात जोरहाट पहुंचेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शर्मा ने कहा कि जोरहाट पहुंचने के तुरंत बाद शाह गोलाघाट जिले के देरगांव जाएंगे, जहां वह लचित बरफुकन पुलिस अकादमी में रात्रि विश्राम करेंगे। शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह शाह मिजोरम रवाना होने से पहले अत्याधुनिक पुलिस अकादमी का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मिजोरम में शाह असम राइफल्स कार्यालय को आइजोल से जोखावसांग स्थानांतरित करने के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे जो राज्य की राजधानी से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। शाह दिन में बाद में गुवाहाटी लौटेंगे और कोइनाधारा स्थित राज्य अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। रविवार की सुबह गृह मंत्री ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करने के लिए असम के कोकराझार जिले के डोटमा के लिए रवाना होंगे। शाह दोपहर में गुवाहाटी लौटेंगे और पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ भारतीय न्याय संहिता की प्रगति की समीक्षा करेंगे। शर्मा ने कहा, प्रत्येक राज्य बीएनएस के अब तक के कार्यान्वयन पर जानकारी प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह रविवार रात को नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# ट्रेन में भोजन का मेनू और रेट लिस्ट डिस्प्ले करना जरूरी, रेल मंत्री बोले- खाने के पैकेट पर उपलब्ध होगा क्यूआर कोड




नई दिल्ली , (आरएनएस)। रेलवे की ओर से भी लगातार यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास किए जाते रहते हैं। अब ट्रेनों में मिलने वाले भोजन का मेनू और उसमें शामिल व्यंजनों की रेट लिस्ट डिस्प्ले करना जरूरी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ये अनिवार्य है।

रेल मंत्री ने बताया कि ट्रेनों में भोजन का मेनू और दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है, यात्रियों की भोजन की कीमतों का विवरण देने वाले मेनू कार्ड, रेट लिस्ट और डिजिटल अलर्ट तक पहुंच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की जानकारी के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर सभी खाद्य पदार्थों का मेनू और दरें उपलब्ध हैं। इसके साथी है ये सारी डिटेल ट्रेन में मौजूद वेटरों के पास उपलब्ध कराए जाते हैं और यात्रियों को मांगने पर दिए जाते हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पेंट्री कारों में रेट लिस्ट डिस्प्ले किए जाने के अलावा यात्रियों को अब बेहतर पारदर्शिता के लिए मेनू और टैरिफ के लिंक के साथ स्द्भ्वद्दह्ल भी मिलते हैं।

रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे में फूड सर्विसेज के मेन्यू और रेट के बारे में यात्रियों को जागरूक करने के लिए ये एसएमएस भेजना शुरू किया गया है।रेल मंत्री ने आगे कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए, सफाई और हैंडलिंग की निगरानी के लिए बेस किचन में खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों को भी तैनात किया गया है और ये ऑन-बोर्ड पर्यवेक्षक ट्रेनों में फूड सर्विसेज की देखरेख करते हैं। इसके अलावा ट्रेनों में मिलने वाले भोजन के पैकेटों पर क्यूआर कोड के जरिए रसोई के नाम से लेकर पैकेजिंग की तारीख तक की पुष्टि यात्रि द्वारा की जा सकती है।

## दिल्ली लौटने के बाद पीएम मोदी ने मॉरीशस सरकार और लोगों का जताया आभार, यात्रा को बताया यादगार



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा समाप्त करने के बाद गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए वहां के लोगों और सरकार का आभार जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम, मॉरीशस के लोगों और सरकार का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने मॉरीशस यात्रा के दूसरे दिन का वीडियो भी शेयर किया।बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी दूसरी बार मॉरीशस के नेशनल डे पर मुख्य अतिथि थे, पहली बार 2015 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। समारोह के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' (जी.सी.एस.के) पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पहली बार है जब किसी भारतीय नेता को यह सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पुरस्कार को भारत और मॉरीशस के बीच विशेष मित्रता और भारत के 1.4 अरब लोगों और मॉरीशस के लोगों को समर्पित किया। नेशनल डे समारोह के दौरान भारतीय नौसेना की एक मार्चिंग टुकड़ी ने परेड में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर- हमारी बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी से इस क्षेत्र की ताकत और बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यादगार यात्रा के बाद मॉरीशस से रवाना हुए।


## अररिया में अपराधी को पकड़ने गए ASI राजीव रंजन मल्ल की हत्या

अररिया(आरएनएस)। बिहार के अररिया में बुधवार देर रात एएसआई राजीव रंजन मल्ल की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। वे पुलिस टीम के साथ कई मामलों में वांछित अपराधी अनमोल यादव को पकड़ने गए थे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस को खबर मिली थी कि अपराधी अनमोल यादव शादी समारोह में आया हुआ है। इसके बाद एएसआई राजीव रंजन मल्ल के नेतृत्व में पुलिस की टीम अपराधी को पकड़कर थाने ले जाने लगी, तो यादव के गुर्गों ने पहले तो पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। इसके बाद एएसआई राजीव रंजन के साथ बदसलूकी पर उतर आए और उनके साथ धक्कामुक्की की, जिससे एएसआई जमीन पर गिर गए। इसके बाद भीड़ उन पर टूट पड़ी।मल्ल की हालत काफी खराब हो गई। किसी तरह उन्हें बचाकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद अररिया के एसपी अंजनी कुमार गुरुवार सुबह अस्पताल पहुंचे और उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस से ली।एसपी अंजनी कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से कुछ को पकड़ लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है।

## हमीरपुर में सीएम सुक्खू ने मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद होली मेले का किया शुभारंभ

हमीरपुर (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला स्थित सुजानपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय होली मेला बुधवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ।



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सुजानपुर टीहरा के ऐतिहासिक मुरली-मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने गुलाल लगाकर होली मेले का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद मेला परिसर में लगाई गई प्रदर्शनियों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा, कांगड़ा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, विधायक सुजानपुर रणजीत राणा, डीसी अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह, एसडीएम संजीत के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।सीएम सुक्खू ने सुजानपुर होली मेले के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की होली पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखती है। यह पौराणिक समय से मनाई जा रही है। इसी कड़ी में इस बार भी होली उत्सव का आगाज किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का काम हमेशा सरकार का विरोध करना होता है, लेकिन प्रदेश की सरकार जनता की भलाई के लिए कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह तथ्यों के आधार पर प्रश्न करे, क्योंकि सरकार तथ्यों के आधार पर ही जवाब देने के लिए तैयार है।

## सोनाक्षी-जहीर ने जब तक रहेगा समोसे में आलू..., पर बनाई मजेदार रील



मुंबई (ए.)। हाल ही में एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 'जब तक रहेगा समोसे में आलू' गाने पर एक मजेदार रील बनाई, जिसे उन्होंने अपने फैंस के साथ शेयर किया। अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जहीर ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह समोसा खाते हुए दिख रहे हैं, जबकि सोनाक्षी डिनर कर रही हैं।

समोसा खाते हुए जहीर 1997 की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी' के गाने पर लिपसिंक करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म जूही चावला और अक्षय कुमार स्टारर थी। जहीर की एक्टिंग देखकर सोनाक्षी हंसने लगती हैं और उनके सिर पर प्यार से हाथ फेरती हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे डेविड धवन ने निर्देशित किया था। अक्षय और जूही पर फिल्माए गए इस गाने को अभिजीत, पूर्णिमा और सपना मुखर्जी ने गाया है। गाने को अनु मलिक ने कंपोज किया है और देव कोहली ने लिखा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो 8 मार्च को महिला दिवस के मौके पर सोनाक्षी का 'जटाधारा' से उनका दमदार लुक रिवील किया गया। सोनाक्षी 'जटाधारा' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। सिन्हा ने फिल्म का कोलाब पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। पोस्टर में अभिनेत्री काफी इंटेंस और गंभीर अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका मेकअप भी काफी बोल्ड है। आंखों में काजल, लाल बिंदी और माथे पर तिलक उनके लुक को और भी दमदार बना रहा है। पोस्टर में सोनाक्षी का पूरा चेहरा नहीं दिख रहा है।

फिल्म में सोनाक्षी एक अलग और सशक्त किरदार में नजर आएंगी। 'जटाधारा' फिल्म का मुहूर्त पूजन हाल ही में हैदराबाद के एक मंदिर में किया गया।

# बेटी को चकाचौंध से दूर रख रही है दीपिका पादुकोण

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पिछले साल मां बनी थीं और तब से वह फिल्मों से ब्रेक लेकर मदरहुड एंजॉय कर रही हैं। दीपिका ने 30 सितंबर 2024 को अपनी बेटी का स्वागत किया। दीपिका ने बेटी का नाम दुआ रखा। हालांकि, दीपिका अपनी बेटी को मीडिया की चकाचौंध से दूर रखना पसंद करती हैं और अब तक उन्होंने उसका चेहरा सार्वजनिक नहीं किया है। हाल ही में दीपिका अबू धाबी में आयोजित फोर्ब्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुईं, जहां उनसे पूछा गया कि उन्होंने आखिरी बार गूगल पर क्या सर्च किया था।

इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा, मैंने आखिरी बार यह सर्च किया था कि मेरा बेबी कब थूकना बंद करेगा? या इसी तरह की कोई चीज़। उनके इस जवाब ने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। दीपिका का कहना है कि पहली बार मां बनने का अनुभव उनके लिए बिल्कुल नया है और उन्हें अक्सर अपनी बेटी की परवरिश से जुड़े सवालों के जवाब के लिए गूगल का सहारा लेना पड़ता है। बॉलीवुड के कई अन्य सेलिब्रिटी कपल्स की तरह दीपिका और रणवीर सिंह ने भी अपनी बेटी को मीडिया अटेंशन से दूर रखा है।

उन्होंने अब तक अपनी बेटी की तस्वीरें फैंस के साथ साझा नहीं की हैं और न ही उसके बारे में ज्यादा बातें की हैं। जब उनसे पूछा गया कि उनके लिए परफेक्ट छुट्टी का मतलब क्या है, तो उन्होंने कहा, मेरी छुट्टी का दिन घर पर आराम करने, हाइड्रेटेड रहने, मसाज लेने, बेबी के साथ वक्त बिताने और पजामा पहनकर बिस्तर पर रिलैक्स करने में जाता है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने फरवरी 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी, जिससे उनके फैंस काफी उत्साहित थे। इसके बाद, दिवाली के मौके पर इस कपल ने अपनी बेटी के पैरों की एक तस्वीर शेयर कर उसके नाम का खुलासा किया।



## 'मैंने प्यार किया' की सुमन का हुआ एक्सीडेंट, माथे पर चोट देख घबराए फैंस; तस्वीरें वायरल



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री के एक्सीडेंट की खबरें सामने आईं हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। होली के समय इस घटना ने उनके फैंस को दुखी कर दिया है। उनके माथे पर गहरी चोट नजर आ रही है और वह अस्पताल में भर्ती दिख रही हैं। आखिर कैसे लगी उन्हें चोट?

**ऐसे हुआ अभिनेत्री का एक्सीडेंट**

'मैंने प्यार किया' फेम अभिनेत्री की एक्सीडेंट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्हें 'पिकल बॉल' खेलने के दौरान माथे पर चोटें आईं। साथ ही कहा गया कि उनकी सर्जरी के दौरान उन्हें 13 टांके लगे हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में अभिनेत्री की हॉस्पिटल से सर्जरी की तस्वीरें सामने आई हैं। इसके साथ ही उनके माथे पर गहरी चोट भी दिख रही है।

**यूजर्स ने दी प्रतिक्रियाएं**

वायरल पोस्ट में नेटिजंस के कई तरह के कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि जल्दी ठीक हो जाइए भाग्यश्री जी। दूसरे यूजर ने लिखा कि स्ट्रांग वूमेन, वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा कि आप जीवन में हमेशा मुस्कुराते रहें। इसके साथ ही कुछ यूजर ने उन्हें होली के दिन पिकल बॉल ना खेलने की हिदायत दी।

**एक नजर भाग्यश्री की ओर**

अभिनेत्री भाग्यश्री ने हिंदी के अलावा भोजपुरी, मराठी और तेलुगु फिल्मों में भी अभिनय किया है। साल 1989 में रिलीज हुई सलमान खान अभिनीत फिल्म 'मैंने प्यार किया' से एक्ट्रेस ने खूब नाम कमाया था। भाग्यश्री फिल्मों में भले ही कम दिखती हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं और अपने प्रशंसकों के लिए तस्वीरें साझा करती रहती हैं। स्टाइल के मामले में वे बॉलीवुड की टॉप अदाकाराओं को टक्कर देती हैं।

# मालदीव में छुट्टियां मना रही रकुल प्रीत



मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने पति, निर्माता-अभिनेता जैकी भगनानी के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। यहां से एक्ट्रेस ने अपने वेकेशन की कई रोमांटिक फोटोज शेयर की हैं। उन्होंने एक प्यार भरा पोस्ट भी लिखा है।

रकुल ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कपल एक-दूसरे को हग करते दिख रहा है। वीडियो में रकुल, जैकी से पूछती हैं, 'सनसेट पसंद है?' जैकी रकुल की ओर देखते हैं और जवाब देते हैं, 'बहुत प्यारा है'। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं और फिल्म, पर्सनल लाइफ से जुड़े पोस्ट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इससे पहले रकुल ने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि पति जैकी भगनानी ने उन्हें गुलाबी लिली का गुलदस्ता भेंट किया, जिसे पाकर वह बेहद खुश हैं। एक्ट्रेस ने फैंस के साथ अपनी खुशी शेयर करने के लिए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन का सहारा लिया, जिसमें वह गुलाबी लिली थामे कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती नजर आईं। तस्वीर को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जब पति फूल लेकर आते हैं। जैकी भगनानी, आई लव यू'। पिछले साल शादी के बंधन में बंधे रकुल और जैकी ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने पर 21 फरवरी को जश्न मनाया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जिसमें उन्होंने साथ बिताए अपने अनमोल पलों को कैद किया।

क्लिप में रकुल और जैकी के साथ बिताए समय की मनमोहक झलकियां भी दिखाई दी। रकुल और जैकी कोविड लॉकडाउन के दौरान करीब आए थे। कई मौकों पर हुई मुलाकात के बाद उनका रिश्ते और भी मजबूत हुआ। साल 2021 में रकुल के जन्मदिन के मौके पर कपल ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। इसके बाद दोनों ने 21 फरवरी, 2024 को गोवा में शादी की। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत अपनी हालिया रिलीज 'मेरे हसबैंड की बीवी' में अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ नजर आईं। रकुल जल्द ही 'दे दे प्यार दे 2' में अपने 'आयशा खुराना' की अपनी भूमिका को दोहराती नजर आएंगी।

## आलिया भट्ट ने मीडिया से बेटी राहा की फोटो न लेने के लिए की विनती, बोलीं- कहीं कोई राहा को...

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट साल 2022 में बच्चे के माता-पिता बने। जब राहा पैदा हुईं तो दोनों ने पैप्राजी से गुजारिश की कि वह बच्ची की फोटो तब तक ना लें जब तक उन्हें ये न लगे कि यह सही वक्त है। साल 2023 में क्रिस्मस के वक्त आलिया ने अपनी बेटी का चेहरा दुनिया को दिखाया। हालांकि आलिया और रणवीर ने अब मीडिया से गुजारिश की है कि वह उनकी बच्ची की फोटो ना लें।



**सैफ करीना ने मीडिया से की गुजारिश**

आलिया और रणवीर ने ये फैसला ऐसे वक्त लिया जब सैफ अली खान और करीना कपूर ने मीडिया से गुजारिश की कि उनके बच्चे तैमूर और जेह की फोटो न लें।

**आलिया से मीडिया से की गुजारिश**

एक मीटिंग में रणबीर और आलिया ने मीडिया से कहा 'मैं मुंबई में पला बढ़ा हूं। हम इंडस्ट्री में पैदा हुए हैं। आप सभी हमारे परिवार की तरह हैं। हमको कोई कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है। हम आप लोगों को बुलाते हैं, आप लोगों से विनती करते हैं, आप लोग सुनते हो। हम एक दूसरे से वादा करते हैं। ऐसा नहीं है कि हम इस पर केस कर देंगे। हम आप पर केस नहीं करेंगे।'


**मीडिया के जरिए काबू पा सकते हैं**

उन्होंने आगे कहा 'आप लोगों को बुला कर हम अपने बच्चे की बेहतरीन के लिए गुजारिश कर रहे हैं। हो सकता है कि ये बड़े लोगों की दिक्कत लगे, हम इसे समझते हैं। हम माता-पिता के तौर पर चाहते हैं कि हम अपने बच्चे की कैसे हिफाजत करें। जितना कर सकते हैं करेंगे। आज हर कोई फोन से फोटो खींचता है और पोस्ट करता है। ये जंगल में लगी आग की तरह फैल जाती है। वह हमारे कंट्रोल में नहीं है। आप हमारे परिवार जैसे हो तो हमारे कंट्रोल में है। हम आपको बोल सकते हैं और आपसे बोल कर इस पर काबू पा सकते हैं।'

**इसलिए बेटी की फोटो नहीं खिंचवाना चाहती आलिया**

आलिया ने अपनी बच्ची की फोटो न लेने के पीछे की वजह बताई है। उनका कहना है कि हम राहा की सुरक्षा के लिए ये कर रहे हैं। मेरा सबसे बड़ा डर यह है कि कोई अंदर घुसकर राहा को उठा न ले जाए।

## बिपाशा से ब्रेकअप के बाद इस फिल्म में काम करना हो रहा था मुश्किल, डीनू ने कबूली बात



अभिनेता डीनू मौर्या ने माना है कि बिपाश बसु के साथ ब्रेकअप करना उन्हें बहुत भारी पड़ा था। दोनों दोस्तों के जरिए मिले थे। इसके बाद दोनों के बीच प्यार हो गया था। उन्होंने एक दूसरे को 1996 में डेट करना शुरू किया था। लेकिन साल 2002 में आई फिल्म %राज% में वह एक-दूसरे से अलग हो गए।

ब्रेकअप के बाद शूटिंग करना हो रहा था मुश्किल

हाल ही में एक इंटरव्यू में डीनू मौर्या ने बिपाशा के साथ ब्रेकअप को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने ही बिपाशा से अलग होने का फैसला किया था। डीनू ने बताया कि अभिनेत्री को इस स्थिति से निपटने में बहुत मुश्किल हो रही थी। ब्रेकअप के तुरंत बाद उनके लिए %राज% की शूटिंग करना आसान नहीं था।

**बिपाशा को हो रही थी सबसे ज्यादा परेशानी**

डीनू मौर्या ने पिंकविला को बताया कि %राज फिल्म बनाने के दौरान बिपाशा और हम ब्रेकअप कर रहे थे। आप यकीन मानें वह हम थे जो अलग होना चाहते थे क्योंकि मेरे साथ कुछ दिक्कतें थीं। बिपाशा को इससे बहुत दिक्कत हो रही थी। मैं देख रहा था कि वह हर दिन कमजोर हो रही थी। मैं ये देख नहीं पा रहा था कि वह मेरे ही सामने परेशान है जिसकी मैं कभी बहुत फिक्र करता था।%

सालों बाद बन गए अच्छे दोस्त

डीनू ने बताया कि यह मुश्किल वक्त था इसके बावजूद हमें पता था कि वक्त जख्मों को भर देगा। हम दोनो दुखी थे लेकिन हमें अलग होना था। आखिरकार हम अलग हुए। कुछ सालों के बाद रिश्ते की कड़वाहट कम हो गई और हम दोनों अच्छे दोस्त बन गए। हमारे बीच एक ऐसा वक्त आया जब हमने कहा कि हम दोनों ने एक-दूसरे के साथ अच्छा वक्त गुजारा, अब हम दोनों दोस्त हैं।

# विशेषज्ञों के अनुसार, ब्लड शुगर और दिल के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है यह जूस

एलोवेरा का उपयोग आयुर्वेद में सदियों से इसके औषधीय गुणों के लिए किया जाता रहा है. एलोवेरा जूस में विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट गुण और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं. एलोवेरा जूस पीना शरीर को फिर से जीवंत करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में भी मददगार होता है. चूंकि एलोवेरा में रोगाणुरोधी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं, इसलिए यह मौखिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत अच्छा होता है. आइए जानें कि नियमित रूप से सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस पीने से क्या लाभ होता हैं...

पाचन में सुधार: एलोवेरा जूस में एंजाइम्स होते हैं, जो पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं. जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस रिसर्च (2013) में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि एलोवेरा जूस स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देने और आंतों के अल्सर जैसी बीमारियों से राहत दिलाने में मदद कर सकता है. यह पाचन तंत्र में सूजन को कम करने के लिए फायदेमंद है. जिससे पाचन क्रिया सुचारू रहती है. इसके अलावा, यह आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और सूजन के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है. एलोवेरा जूस कब्ज और गैस जैसी समस्याओं को रोकने में भी सहायक है.

एंटीऑक्सीडेंट गुण: एलोवेरा जूस पॉलीसैकराइड और फ्लेवोनोइड जैसे यौगिकों से भरपूर होता है. एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं. फाइटोथेरेपी रिसर्च (2009) में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, यह शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन को कम करने में मददगार साबित हुआ है. एलोवेरा जूस गठिया जैसी समस्याओं को कम करने और समग्र प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है.

रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है: 2008 में जर्नल ऑफ क्लिनिकल फार्मेसी एंड थेरेप्यूटिक्स में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि एलोवेरा जूस ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है. डायबिटीज रोगियों के लिए ब्लड शुगर के स्तर को कम करने के लिए एलोवेरा जूस पीना अच्छा होता है.

कोलेस्ट्रॉल कम करता है: लिपिड्स इन हेल्थ एंड डिजीज नामक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, एलोवेरा जूस रक्त में कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर और ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में फायदेमंद है. नियमित रूप से एलोवेरा जूस पीने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है. एलोवेरा हृदय रोग के जोखिम को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. त्वचा स्वास्थ्य: एलोवेरा त्वचा देखभाल के लिए सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री में से एक है. जर्नल ऑफ एथनोफार्माकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि एलोवेरा त्वचा की नमी बनाए रखने और घावों को भरने में मदद करता है. इसके अलावा, यह मुंहासे, एलर्जी और सोरायसिस जैसी बीमारियों के लक्षणों को कम करने में भी फायदेमंद होता है. यह समग्र त्वचा स्वास्थ्य का भी समर्थन



करता है.विषहरण: एलोवेरा जूस में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने की क्षमता होती है. यूरोपियन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन (2004) में प्रकाशित एक अध्ययन ने सुझाव दिया कि एलोवेरा जठरांत्र संबंधी गतिशीलता को बढ़ाने और शरीर से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में मदद कर सकता है. एलोवेरा जूस लीवर की कार्यप्रणाली में भी मदद कर सकता है.आपको हाइड्रेटेड रखता है: एलोवेरा जूस हाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट्स का एक प्राकृतिक स्रोत है. इसलिए, नियमित रूप से एलोवेरा जूस पीने से शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलेगी. एलोवेरा विटामिन, खनिज और अमीनो एसिड से भी भरपूर होता है. यह जलयोजन और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है.

# आतंकवाद के खिलाफ और पाकिस्तान की सुरक्षा मजबूत करने हम हमेशा तैयार: चीन



## बीएलए अपने इलाके के संसाधनों का दोहन करने का इल्जाम चीन पर लगाता है

बीजिंग,(ए)। जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक होना पाकिस्तान के लिए सुरक्षा संकट बन गया है, जिसका असर बड़ा होता जा रहा है। पाकिस्तान की सेना का बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा गया है। सेना का दावा है कि 24 घंटे चले के इस ऑपरेशन में बलूच लिबरेशन आर्मी के सभी 33 विद्रोहियों को मारे गए हैं, लेकिन सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं बल्कि चीन भी इस घटना से सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। हमले को अंजाम देने वाली बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) चीन को भी अपने मकसद के खिलाफ मानती है। इस सिलसिले में 12 मार्च को चीन ने इस हमले की कड़ी निंदा की थी। साथ ही चीन ने पाकिस्तान के सामने सुरक्षा सहयोग बढ़ाने की पेशकश भी रख दी है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस घटना को लेकर कहा कि हम इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम आतंकवाद का मुकाबला करने, समाज में स्थिरता और एकजुटता बनाए रखने साथ ही लोगों की हिफाजत करने में पाकिस्तान का मजबूती से सपोर्ट करना जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ और सुरक्षा में मजबूती बढ़ाने के लिए हम तैयार हैं। हम संयुक्त रूप से इलाके में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए तत्पर हैं। चीन ने इस हमले को न केवल पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बताया बल्कि अपने नागरिकों और इंवेस्टमेंट को लेकर भी चिंचा जताई है।

बता दें 11 मार्च को पाकिस्तान की जाफर एक्सप्रेस पेशावर से क्वेटा जा रही थी। रास्ते में सिबी इलाके में बलोच अलगावादियों ने ट्रेन पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक इस ट्रेन में करीब 400 नागरिक सवार थे। हमलावरों ने पहले रास्ते में विस्फोट किया। फिर ट्रेन पर कब्जा कर लिया। हाईजैकर्स के खिलाफ पाकिस्तानी सेना का ऑपरेशन शुरू हुआ। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने बताया कि सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर मौजूद सभी 33 विद्रोहियों को मार दिया है।

शरीफ ने कहा कि सशस्त्र बलों ने सभी आतंकवादियों को मार गिराया और सभी यात्रियों को सुरक्षित छुड़ाकर अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ट्रेन पर हमला करके विद्रोहियों ने 21 यात्रियों को मार दिया था। बीएलए का मुख्य मकसद बलूचिस्तान की आजादी है, इसीलिए वह पाकिस्तान से बलूचिस्तान को अलग देश बनाने की मांग कर रहे हैं। वहीं अपने इलाके के संसाधनों का दोहन करने का इल्जाम बीएलए चीन पर लगाता रहा है।

## पाकिस्तान : रमजान के दौरान 18 घंटे तक बिजली गुल, सामान्य जनजीवन प्रभावित

करांची (आरएनएस)। पाकिस्तान के कराची में 18 घंटे से अधिक समय से बिजली कटौती के कारण रमजान के पवित्र महीने के दौरान लोगों को काफी असुविधा का समाना करना पड़ा। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, नागरिकों ने कहा कि लंबे समय से बिजली कटौती और बढ़ते तापमान के कारण उन्हें रमजान के दौरान उपवास रखना, नमाज अदा करने और यहां तक कि अन्य दैनिक कार्य करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रभावित नागरिक मुख्य रूप से शहर के अधिकांश क्षेत्रों में गरीब और मध्यम वर्ग से हैं, जो बिजली कटौती के कारण सबसे खराब स्थिति का सामना कर रहे हैं, जिससे नागरिकों का जीवन दयनीय हो गया है।पिछले महीने कराची में बिजली कटौती और पानी की कमी के खिलाफ बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रदर्शन हुए। लोगों ने लंबे समय तक पानी और बिजली के बिना रहने के कारण विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगाई और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। उनका कहना था कि उनके क्षेत्र में लगातार चार दिनों से बिजली की आपूर्ति बाधित रही है।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स (पीआईडीई) ने कहा कि 2024 में देश का ऊर्जा क्षेत्र गहरे संकट में है।कराची अकेला ऐसा शहर नहीं है जो बिजली की कमी के संकट से जूझ रहा है। पाकिस्तान के कई शहर लंबे समय से इस लगातार समस्या से जूझ रहे हैं।

## पाकिस्तान सरकार की नाकामी का घिनौना पैंतरा, ट्रेन हाईजैक पर बताया भारत का हाथ

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ट्रेन हाईजैक कर ली गई है। पाकिस्तान पुलिस के सभी पैतरे फेल होते नजर आ रहे है। पाक सरकार अपने लोगों को बचाने में असफल साबित हो रही है। जिससे बौखलाई पाक सरकार ने अब अपनी नाकामी का ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है। शहबाज के राजनीतिक सलाहकार का आरोप है कि इसमें भारत का हाथ है। टीवी चैनल डॉन से बातचीत में शहबाज के राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा, हां, भारत कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं है। उन्हें अफगानिस्तान जैसा एक सुरक्षित ठिकाना मिला हुआ है। तालिबान के सत्ता में आने से पहले उन्हें ये घातक हमले करने के अवसर नहीं मिलते थे, लेकिन अब उनके अभियानों में बढ़ोतरी हुई है क्योंकि अफगानिस्तान में उन्हें घात लगाकर हमला करने की सुविधा मिल रही है। हमने सरकारी स्तर पर अफगानिस्तान से कहा है कि इस गतिविधि को रोके, नहीं तो हम वहां जाकर उन ठिकानों को निशाना बनाएंगे। राणा सनाउल्लाह के साथ बातचीत का वीडियो डॉन टीवी के एंकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। बता दें कि पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक सुरंग में बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन पर हमला किए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने कम से कम 27 आतंकवादियों को मार गिराया और 155 यात्रियों को बचा लिया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना का अभियान अभी भी जारी है।

## युद्ध विराम से इनकार करना रूस के लिए होगा विनाशकारी, राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन को दी चेतावनी

वाशिंगटन डीसी(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन के साथ अब युद्ध विराम से इनकार करना रूस के लिए विनाशकारी होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकार यूक्रेन के साथ संभावित युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अभी रूस जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है, जब एक दिन पहले कीव ने सऊदी अरब के जेद्दा में हुई अमेरिकी अधिकारियों के साथ वार्ता में रूस के साथ 30 दिनों के युद्ध विराम पर सहमति जताई है। ऐसे में अब उसको आगे बढ़ाना रूस पर निर्भर करता है। ट्रंप की ओर से यूक्रेन का यह संदेश और प्रस्ताव पुतिन के पास भेजा भी जा चुका है, लेकिन क्रेमलिन ने अभी इस पर अपना रुख साफ नहीं किया है। क्रेमलिन के ढुलमुल रवैये को देखते हुए अमेरिकी राष्टपति ट्रम्प बिफर पड़े हैं। उन्होंने बुधवार को व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी कि अगर मास्को यूक्रेन युद्ध में संघर्ष विराम पर समझौते से इनकार करता है तो उस पर कई कड़े आर्थिक और अन्य तरह के प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जो उसके लिए विनाशकारी साबित होगा। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन के साथ एक बैठक के बाद बोलते हुए कहा कि यूक्रेन के साथ संभावित युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अमेरिकी वार्ताकार अभी रूस जा रहे हैं।

## चीनियों की चहेती बनी ट्रंप की यह युवा सेक्रेटरी, जानिए आखिर क्यो फिदा हो रहे लोग

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका और चीन के बीच चल रहा ट्रेड वार थमने की बजाय बढ़ता जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव 27 वर्षीय कैरोलिन लेविट चीन में ऑनलाइन स्टार बन गई हैं। उनके वाइट हाउस में पत्रकारों से बहस के वीडियो चीन में खूब वायरल हो रहे है। चीनी सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि लेविट की खूबसूरती, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर मजबूती से अपनी बात रखने का तरीका उन्हें प्रेरित कर रहा है। शानडोंग प्रांत की एक सोशल मीडिया यूजर झांग जियेयी ने लिखा, वह वास्तव में सुंदर, सुनहरे बालों वाली और बहुत प्रभावशाली वक्ता हैं। एक अन्य यूजर स्टीवन टियान ने कहा, वह स्मार्ट, मजबूत और ताज़गीभरी हैं।

## अर्थशास्त्री की चेतावनी : टैरिफ लगाने से अमेरिका में नौकरियों पर मंडराया खतरा; मंदी के बादल छाए

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनाई गई टैरिफ नीतियों से ग्लोबल ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है, जिससे अमेरिका में मंदी आने की संभावना जताई जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के वैश्विक मुख्य अर्थशास्त्री पॉल ग्रुएनवाल्ड का मानना है कि टैरिफ पर व्हाइट हाउस के लगातार बदलावों से उत्पन्न अनिश्चितता ने व्यावसायिक निवेश में देरी और उपभोक्ताओं के खर्च कम करने की प्रवृत्ति को जन्म दिया है। इसके अलावा टैरिफ लगाने से अमेरिका में नौकरियों पर भी खतरा मंडराने लगा है।ग्रुएनवाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश उद्देश्य सार्थक हैं, लेकिन उन्हें जिस तरह लागू किया जा रहा है, वह अत्यंत अव्यवस्थित है। उन्होंने कहा कि यदि फर्म और उपभोक्ता अपने खर्च कम करने लगते हैं और मांग में गिरावट आती है, तो मंदी का सामना करना पड़ सकता है ङ्क मंदी जिसे काफी हद तक टाला जा सकता था।जनवरी में ट्रंप के सत्ता में आने पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को उन्होंने ठोस आधार पर देखा था, जबकि बाइडन प्रशासन के दौरान अर्थव्यवस्था में अधिक मजबूती दर्ज की गई थी। मंदी ऐसी आर्थिक स्थिति है जिसमें किसी देश की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगातार दो तिमाहियों (6 महीने) तक गिरावट आती है। मंदी की स्थिति में GDP में गिरावट, बेरोजगारी में वृद्धि, उपभोक्ता खर्चों में कटौती, निवेश में कमी, कंपनियों के मुनाफे में कमी और शेयर बाजार में निरंतर गिरावट देखने को मिलती है।

## रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब होगा खत्म, जेलेंस्की हुए सहमत

जेद्दाह (आरएनएस)। यूक्रेन का कहना है वह रूस के साथ 30 दिन के युद्ध विराम के वाशिंगटन के प्रस्ताव का समर्थन करेगा। कीव ने कहा कि यह 'मील का पत्थर' वार्ता थी जिसके दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने को फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी।

मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के साथ आठ घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद कीव ने यह घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अब संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रस्ताव को रूस के समक्ष ले जाएगा, और गेंद अब मास्को के पाले में है। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि यूक्रेन ने तत्काल, अंतरिम 30-दिवसीय युद्ध विराम लागू करने के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसे पार्टियों के आपसी समझौते से बढ़ाया जा सकता है। यूक्रेनी राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने वीडियो संबोधन में कहा कि अमेरिका ने पूर्ण अंतरिम युद्ध विराम प्रस्ताव रखा है, जिसमें न केवल



काला सागर में बल्कि पूरे फ्रंट लाइन पर मिसाइल, ड्रोन और बम हमलों को रोका जाएगा। जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार है हम इसे एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं और इसे अपनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका-यूक्रेन ने शांति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में मानवीय राहत प्रयासों के महत्व पर भी जोर दिया, विशेष रूप से युद्ध विराम के दौरान, जिसमें युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है। दोनों पक्षों ने अपनी वार्ता टीमों के नाम तय करने और तुरंत शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई।

आगे क्या होगा?

अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी है क्या रूस इस प्रस्ताव को मानेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वे इस समझौते मॉस्को लेकर जाएंगे। ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज आने वाले दिनों में अपने रूसी समकक्ष से मिलने वाले हैं और ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस सप्ताह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह इस हफ्ते पुतिन से बात कर सकते हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में एक स्थायी युद्धविराम पर बातचीत की जाएगी। रूसी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यूएस-यूक्रेन वार्ता के बाद कहा कि उसने अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ संपर्क की संभावना से इनकार नहीं किया है। पुतिन इस प्रस्ताव पर क्या फैसला लेंगे यह कहना मुश्किल है। रूसी राष्टपति कह चुके हैं कि वे शांति समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

# खेल समाचार

## सबालेंका दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची, बेनसिक ने गॉफ को हराया

इंडियन वेल्स(आरएनएस)। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को इंडियन वेल्स ओपन में लकी लूजर सोनय कार्तल का सिलसिला खत्म करते हुए 6-1, 6-2 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपने करियर के 25वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और यह इस सीजन का उनका पहला डब्ल्यूटीए1000 क्वार्टर फाइनल है। सबालेंका इससे पहले 2023 में इंडियन वेल्स में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं, जब वह फाइनल तक पहुंची थीं।

बेलारूस की अगली खिलाड़ी नंबर 24 वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा हैं, जिन्होंने नंबर 6 वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-0, 6-4 से हराया।

तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका विश्व नंबर 1 के रूप में डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपने सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ परिणाम को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि वह 2023 में चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं, जब वह रैंकिंग में शीर्ष पर थीं।

एक अन्य मैच में, वाइल्ड कार्ड बेलिंडा बेनसिक ने 2 घंटे और 20 मिनट में नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मां के रूप में अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वह 2019 के सेमीफाइनल सफर के बाद दूसरी बार इंडियन वेल्स के अंतिम आठ में पहुंची।

पूर्व नंबर 4 बेनसिक, जिन्होंने पिछले अप्रैल में बेटी बेला को जन्म दिया था, अक्टूबर में पेशेवर एक्शन में वापसी करने पर अनरैंक थीं, लेकिन इस साल लगातार बेहतरीन परिणामों के बाद इस सप्ताह पहले ही नंबर 58 पर पहुंच गई हैं।

## आईपीएल में एलएसजी के लिए बतौर बल्लेबाज खेलेंगे मिचेल मार्श

नईदिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श को आईपीएल में बतौर बल्लेबाज खेलने की मंजूरी मिल गई है और पीठ में चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से चूकने वाले मार्श अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे।33 वर्षीय मार्श 31 जनवरी को पीठ के निचले हिस्से में दर्द के चलते श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। ऐसा माना गया था कि उन्हें डिस्क संबंधी समस्या थी जिसे वह सितंबर 2024 में इंग्लैंड दौरे से ही झेलते आ रहे थे।

मार्श ने फरवरी की शुरुआत में विशेषज्ञ का रुख किया और इसके बाद उन्होंने समस्या से उबरने के लिए आराम करने का फैसला किया। पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू किया है और उन्हें आईपीएल में सिर्फ बतौर बल्लेबाज खेलने की अनुमति मिली है, ऐसे में वह लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए इस सीजन इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते दिखाई दे सकते हैं, एलएसजी ने उन्हें पिछले साल नीलामी में 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा था। मार्श 18 मार्च को एलएसजी के दल के साथ जुड़ सकते हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलिया और पर्थ स्कॉर्चर्स के कोच जस्टिन लैंगर भी इसी दल का हिस्सा हैं और यह बतौर एलएसजी कोच उनका दूसरा सीजन होगा।मार्श ने 7 जनवरी के बाद से ही बीबीएल का कोई मुकाबला नहीं खेला था। इसके बाद उन्हें पर्थ स्कॉर्चर्स के अंतिम दो मुकाबलों से आराम दे दिया गया था। यह मैच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के अंतिम टेस्ट से बाहर होने के बाद उनके द्वारा खेला गया एकमात्र मैच भी था। बीबीएल से पहले उन्होंने अंतिम बार सफेद गेंद क्रिकेट इंग्लैंड के टी20 और वनडे दौरे पर ही खेला था। मार्श ने पिछले तीन आईपीएल सीजन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए खेले थे और तीनों ही सीजन में चोट ने उनका पीछा नहीं छोड़ा था।

# भारतीय टीम अब अगले तीन महीने तक कोई सीरीज नहीं खेलेगी



मुम्बई (ए)। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अब भारतीय टीम को अगले तीन माह तक कोई टूर्नामेंट नहीं खेलना है। ऐसे में अब भारतीय टीम को 3 महीने कोई टूर्नामेंट या सीरीज नहीं खेलनी है पर इस दौरान भी खिलाड़ियों को आराम नहीं मिलेगा। इसका कारण है कि अब उन्हें 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल खेलना है जिसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। पिछली बार की तरह इस सीजन में भी आईपीएील में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। यह सभी मुकाबले देश में ही 13 स्थलों पर होंगे। ऐसे में खिलाड़ियों को काफी यात्राएं भी करनी पड़ेंगी। इस प्राकर देखा जाये तो टीम का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और उसे आराम का बिलकुल भी अवसर नहीं मिलेगा।

भारतीय टीम को अपनी अगली सीरीज 3 महीने बाद जून-जुलाई 2025 में खेलनी है। तब भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। जहां उसे बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट 20-24 जून, पहला टेस्ट, हेडिंग्ले, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में 10-14 जुलाई जबकि चौथा टेस्ट, मैनचेस्टर में 23-27 जुलाई और पांचवां द ओवल में 31 जुलाई-4 अगस्त तक खेला जाएगा।

## पूर्व टेस्ट स्टार आबिद अली का 83 वर्ष की आयु में निधन

मुंबई (ए)। सैयद आबिद अली, जिन्होंने दिसंबर 1967 से दिसंबर 1974 के बीच भारत के लिए एक ऑलराउंडर के रूप में 29 टेस्ट मैच खेले, का 83 वर्ष की आयु में ट्रेसी, कैलिफोर्निया में निधन हो गया, उनके रिश्तेदार, उत्तरी अमेरिका क्रिकेट लीग (एनएसीएल) के रेजा खान ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। आबिद अली एक निचले क्रम के बल्लेबाज थे, जिन्होंने मध्यम गति की गेंदबाजी भी की, वे 1960 के दशक के अंत और 1970 के दशक की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट टीम के सितारों में से एक थे, जो आंध्र प्रदेश के हैदराबाद के मैदानों से उभरकर प्रमुखता तक पहुंचे। रेजा खान ने फेसबुक पर एनएसीएल के आधिकारिक पेज पर अपने पोस्ट में कहा, मैं बहुत ही सम्मान और प्रशंसा के साथ आपके साथ भारत के क्रिकेट के दिग्गज अंकल सैयद आबिद अली के निधन की खबर साझा कर रहा हूं, जिन्होंने ट्रेसी, कैलिफोर्निया को अपना घर बनाया और जिनकी उल्लेखनीय विरासत हमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है।

## अल्काराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, ड्रेपर ने पूर्व चैंपियन फ्रिट्ज को हराया

इंडियन वेल्स,(आरएनएस)। कार्लोस अल्काराज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-1, 6-1 से हराया और इंडियन वेल्स में अपनी जीत का सिलसिला 15 मैचों तक बढ़ाया। वह इंडियन वेल्स में तीन खिताबी जीत के करीब भी पहुंच गए।

स्पेन के इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में से प्रत्येक में केवल छह गेम गंवाए, लेकिन स्टेडियम 1 की रोशनी में शाम को तेज हवा के बीच टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। अल्काराज की एथलेटिक क्षमता ने दिमित्रोव को एक मनोरंजक शाम में उनसे आगे निकलने का मौका नहीं दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, शंघाई (2023) और मियामी (2024) में एटीपी मास्टर्स 1000 जीत के बाद, दिमित्रोव अल्काराज (ज्वेरेव, जोकोविच, सिनर) के खिलाफ चार या उससे ज्यादा जीत दर्ज करने वाले चौथे व्यक्ति बनने और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के साथ अल्काराज को लगातार तीन बार हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे थे।

अल्काराज इंडियन वेल्स में तीन बार जीतने की दौड़ में बने हुए हैं। अगर वह यह उपलब्धि हासिल करके रोजर फ़ेडरर (2004-06) और नोवाक जोकोविच (2014-16) की बराबरी कर लेते हैं, तो स्पैनियार्ड एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में जैनिक सिनर के साथ पहले स्थान पर बराबरी कर लेंगे। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में, अल्काराज खिताब के साथ भी, सिनर और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के पीछे, इस सप्ताह अपने नंबर 3 स्थान में सुधार नहीं कर सकते।

## यह जानना कभी आसान नहीं होता, केएल राहुल ने कही दिल की बात, खुश हुए फैंस



मुंबई(ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अन्य फ्रेंचाइजी के साथ कई सीजन बिताने के बाद, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी 18वें संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत करेंगे।राहुल ने स्वीकार किया कि नीलामी में किस टीम के साथ खेलने को लेकर अनिश्चितता थी, लेकिन अब वह डीसी के लिए खेलने को लेकर खुश हैं, जिन्होंने पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। 2024 संस्करण में उनका नेतृत्व करने के बाद उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिलीज कर दिया था। राहुल ने जियो हॉटस्टार से कहा, नीलामी एक नर्वस-ब्रेकिंग अनुभव था। एक खिलाड़ी के रूप में, यह न जानना कि आप किस टीम के साथ समाप्त होंगे, कभी भी आसान नहीं होता। पिछले कुछ वर्षों में, मैंने देखा है कि नीलामी कितनी अप्रत्याशित हो सकती है - चीजें कैसे सामने आती हैं, इसका कोई निश्चित पैटर्न नहीं है। पिछले तीन सत्रों से कप्तान होने के नाते, मैं एक टीम बनाने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल रहा हूं। मैं समझता हूं कि टीम बनाते समय फ्रेंचाइजियों को किस तरह के दबाव का सामना करना पड़ता है। लेकिन एक खिलाड़ी के दृष्टिकोण से, यह और भी कठिन है क्योंकि आपका करियर दांव पर लगा होता है। नीलामी किसी खिलाड़ी के भविष्य को आकार दे सकती है या अप्रत्याशित चुनौतियां पेश कर सकती है। मैं निश्चित रूप से नर्वस था, यहां तक कि थोड़ा चिंतित भी था। लेकिन साथ ही, मुझे पता था कि यह मेरे करियर के लिए सही कदम था। उत्साह भी था, हालांकि यह बहुत लंबा नहीं रहा क्योंकि वास्तविकता जल्दी सामने आ जाती है।" "मैं दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होकर वास्तव में खुश हूं। टीम के मालिक पार्थ जिंदल मेरे करीबी दोस्त हैं, और हमने क्रिकेट के बाहर बहुत समय बिताया है और विभिन्न चीजों पर चर्चा की है। मैं जानता हूं कि वह खेल के प्रति कितना भावुक है, और मैं इस टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हमारे पास एक मजबूत टीम है, और मैं आने वाले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

## पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज के लिए क्राइस्टचर्च पहुंची

नई दिल्ली,(आरएनएस)। न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 मार्च से होने वाली टी20 सीरीज के पहले मैच से पूर्व पाकिस्तान की टीम गुरुवार को क्राइस्टचर्च पहुंची। पाकिस्तान को अपने तीन सप्ताह के दौरे के दौरान पांच टी20 और तीन वनडे खेलने हैं।

यह घरेलू आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान की पहली सफेद गेंद की सीरीज होगी, जहां वे एक भी मैच जीतने में विफल रहे और टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। पाकिस्तान न्यूजीलैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से हार गया, इसके बाद रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण धुल गया था।

टी20 में, पाकिस्तान की कमान सलमान आगा के हाथों में होगी, जबकि शादाब खान उप-कप्तान होंगे, जबकि तीन अनकैप्ड खिलाड़ी - अब्दुल समद, हसन नवाज और मोहम्मद अली - को बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टीम में शामिल किया गया है।

## चोटिल कोच द्रविड़ बैसाखी के सहारे राजस्थान रॉयल्स के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे



नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जो बेंगलुरु में एक क्लब मैच के दौरान अपने बाएं पैर में चोट लगने के एक सप्ताह बाद जयपुर में टीम के तैयारी शिविर में शामिल हुए, बैसाखी के सहारे प्रशिक्षण सत्र में पहुंचे।

आरआर द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, द्रविड़ को एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए मेडिकल बूट के साथ एक गोल्फ कार्ट पर आते और गाड़ी से उतरते ही बैसाखी का सहारा लेते देखा जा सकता है। चोट के बावजूद और अपनी गतिशीलता के लिए बैसाखी पर निर्भर रहने के बावजूद, मुख्य कोच प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल थे और पूरे सत्र की बारीकी से निगरानी कर रहे थे।

श्री नासूर मेमोरियल शील्ड के लिए कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ग्रुप ढ्ढ, लीग 3 सेमीफाइनल में जयनगर क्रिकेटर्स के खिलाफ विजया क्रिकेट क्लब के लिए खेलते समय द्रविड़ की बाईं पिंडली की मांसपेशी में चोट लग गई थी। रॉयल्स ने बुधवार को द्रविड़ की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने बाएं पैर पर प्लास्टर पहने हुए थे, और पोस्ट को कैप्शन दिया, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जिन्हें बैंगलोर में क्रिकेट खेलते समय चोट लगी थी, वे ठीक हो रहे हैं और आज (बुधवार) जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे।

भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप ढ्ढ, डिवीजन 3 लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर क्रिकेट के मैदान पर आश्चर्यजनक वापसी की। द्रविड़ और उनके बेटे अन्वय ने बेंगलुरु के एसएलएस क्रीडांगना क्रिकेट ग्राउंड में यंग लायंस क्लब के खिलाफ 50 ओवर के मैच में विजया क्रिकेट क्लब (मालूर) का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने आए और स्पिनर एआर उल्लास द्वारा आउट होने से पहले मैच में आठ गेंदों में 10 रन बनाए, क्योंकि पिता-पुत्र की जोड़ी ने पांचवें विकेट के लिए 17 रनों की संक्षिप्त साझेदारी की।

# कलेक्टर ने पंचायत, स्कूल, गौशाला और तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

## सभी पात्र लोगों को मिले योजनाओं और सेवाओं का लाभ : कलेक्टर बालागुरू
## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की देखी गुणवत्ता, समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के ने इछावर जनपद के पंचायत, स्कूल, गौशाला और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन एवं अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण कि दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन के कार्य सरलता से हों तथा सभी पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ एवं सेवाएं मिले। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में चल रहे सभी विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समय सीमा में पूर्ण करें। ताकि नागरिकों को उन कार्यों के पूरा होने पर सुविधा मिल सकें। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने इछावर जनपद के तहसील एवं एसडीएम कार्यालय, निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल, अमृत पार्क, सेवनिया कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने इछावर जनपद के ग्राम लसूडिया कांगर स्थित गौशाला, स्कूल, ग्राम पंचायत भवन, नलजल योजना, एवं मनरेगा प्लांटेशन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जमील खान, जनपद सीईओ श्रीमती शिवानी मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### इछावर तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने इछावर तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन के सभी राजस्व संबंधी मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराकृत किए गए राजस्व प्रकरणों अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व संबंधी काम समय सीमा में किए जाएं ताकि आमजन को पेरशान न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी सभी कार्यवाही का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अभिलेखों का बेहतर ढंग से संधारण करने के निर्देश दिए।

### कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर के सेवनिया कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, नई कृषि तकनीकों और अनुसंधान कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित जैविक खेती, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, कस्टम हायरिंग केंद्र, उन्नत बीज उत्पादन इकाई और अन्य नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को नई कृषि तकनीकों की जानकारी देने के लिए अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और किसानों को जल संरक्षण, जैविक खेती, और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूक भी किया जाए।

### निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने इछावर में बन रहे सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का परीक्षण करने के लिए कहा।

### लसुड़िया कांगर स्थित गौशाला एवं स्कूल का किया निरक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने ग्राम लसुड़िया कांगर स्थित स्कूल एवं मनरेगा के तहत संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों की संख्या एवं उनके पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही चारा भूसा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चारे के लिए शासन से मिलने वाले आवंटन, चारा प्राप्ति स्थान और दानदाताओं के बारे में जानकारी लेते हुए गौशाला का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए।

## होली पर क्षेत्रवासियों को पानी की सप्लाई को लेकर परिषद की बैठक



सीहोर (निप्र)। होली पर शहर में पानी की पर्याप्त आपूर्ति के लिए नगर पालिका ने तैयारी कर ली है। नगर पालिका अमले के मुताबिक होली पर सभी क्षेत्रवासियों को एक घंटे पानी की सप्लाई की जाएगी। प्रेशर भी फुल रहेगा। वहीं शहर के सभी चौराहे-तिराहे पर रखे रंग के कडावों में पानी की व्यवस्था के लिए निरंतर टैंकर आदि उपलब्ध रहेंगे। इसको लेकर गुरुवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में पानी की सप्लाई निरंतर बनी रहे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जल सभापति संतोष शाक्य, नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली सहित अधिकारी कर्मचारी से बैठक कर जानकारी प्राप्त की और अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि हर वार्ड में टीमें तैनात की गई हैं, जो बिजली फॉल्ट और लीकेज पर नजर रखेंगी। अधिकारियों का कहना है कि आरक्षित डेमों से पानी की पर्याप्त सप्लाई जारी है, जिससे शहर में पानी की कोई कमी नहीं होगी। सीएमओ श्री दीक्षित के मुताबिक, अभी जल स्त्रोतों में आगामी दिनों के लिए पानी उपलब्ध है। होली के साथ ही रंगपंचमी के लिए भी पानी सप्लाई का प्लान तैयार है। शनिवार को महादेव की होली और उसके बाद रंगपंचमी के चल समारोह के लिए भी विशेष पानी टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी।

## 21 मार्च का मनाया जाएगा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में 21 मार्च 2025 को विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें जागरूकता रैली, संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सीहोर स्थित टाउन हॉल में 21 मार्च को दोपहर एक 01 बजे विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर उपभोक्ताओं को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# वृद्धा आश्रम में मनाया गया फाग महोत्सव



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्ध में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में वृद्धजनों के साथ महादेव की होली की शुरूआत की गई। इस मौके पर पूर्णिमा के पावन अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह ने वृद्धजनों को पुष्प वर्षाकर स्वागत-सम्मान किया और इसके पश्चात ठंडाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला संस्कार मंच के धर्मेन्द्र माहेश्वरी, संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार पुरविया, अरुण सूर्यवंशी आदि शामिल थे। इस मौके पर पंडित सुनील पाराशर और सुनील त्रिवेदी आदि ने फाग गायन की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि होली का पावन पर्व पूर्णिमा की रात्रि को होली दहन के साथ ही आरंभ हो जाता है। परम्परा के अनुसार होली दहन के दूसरे दिन गमी वाले दिन वाले घरों पर जाकर अबीर-गुलाल डाला जाता है। इसके बाद शनिवार को शहरवासियों के द्वारा इस वर्ष भी हमारे शहर की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर पूरे शहर में महादेव की होली की परम्परा निभाई जाएगी और केन्द्र से नाश्ते के पैकेट ले जाकर चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं को वितरण किए जाऐंगे। उन्होंने बताया कि एक समय की बात है जब हिरण्यकशिपु नाम का असुर राजा अपने पुत्र प्रह्लाद से नाराज था क्योंकि वह भगवान विष्णु का परम भक्त था। हिरण्यकशिपु चाहता था कि उसका बेटा केवल उसकी पूजा करे, लेकिन प्रह्लाद ने भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। इससे क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को मारने के कई प्रयास किए, लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने उनकी रक्षा की। आखिर में, हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका की मदद ली, जिसे यह वरदान था कि वह अग्नि में नहीं जल सकती। होलिका ने प्रह्लाद को अपनी गोद में बैठाकर जलती आग में प्रवेश किया, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका जलकर भस्म हो गई। यही कारण है कि हर साल बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रूप में होलिका दहन किया जाता है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 मार्च

सीहोर (निप्र)। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में देश के युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायो और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल मे कार्य करने तथा संबंधित स्किल सीखने का अनुभव मिलेगा इन शीर्ष कंपनियों की सूची पीएम इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर उपलब्ध है। पीएम इंटर्नशिप योजना में 21 से 24 वर्ष के बीच आयु के युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा मे नहीं है, एवं जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया है वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह होगी एवं इंटर्नशिप के दौरान इन्टर्न को प्रतिमाह 5000 रुपये स्टाइपेन्ड दी जाएगी साथ मे बीमा कवर (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) भी रहेगा। इंटर्नशिप जॉइन करने पर इन्टर्न को भारत सरकार द्वारा राशि 6000 रुपये का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## आष्टा के वकिलों ने हड़पी आदिवासी परिवार से पांच लाख पचास हजार की राशी

### वापस दिलाये जाने को लेकर रंगपंचमी के बाद पीड़ित परिवार देगा धरना

सीहोर (निप्र)। आदिवासी पीड़ित आवेदिका श्रीमती सुनीता पत्नि कमलसिंह कोरकु मृतक पिता अनार सिंह कोरकु एंव माँ श्रीमती लीलाबाई कारकु, मृतक के बच्चे पूजा, भावना, सलोनी, सतीष निवासी ग्राम देवली, थाना व तहसील आष्टा, जिला सीहोर म.प्र. द्वारा सेवादल



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला से मिले थे। पीड़ित परिवार ने बताया था कि एक वर्ष पूर्व मृतक कमलसिंह कोरकु का एक्सीडेंट में निधन हो गया था। मृतक का क्लेम हेतु प्रकरण आष्टा न्यायालय में चल रहा था। जिसकी पेरवी एडवोकेट योगेन्द्र ठाकुर एवं सीताराम परमार द्वारा की गई थी। हाल ही में आष्टा न्यायालय द्वारा 13 लाख रूपये क्लेम राशि पीड़ित परिवार को दिये जाने के आदेश हुए, जिसमें 7.5 लाख रूपये मृतक की पत्नि तथा 4 बच्चे एवं मृतक के माता-पिता के नाम न्यायालय द्वारा बैंक आफ इंडिया में एफडी कराई गई तथा शेष नगद राशि 5 लाख 50 हजार रूपये दोनों वकिलों द्वारा आदिवासी पीड़ित परिवार से हड़प लिये गये।

## अष्टनिका महापर्व के पावन अवसर पर सिद्धचक्र महामंडल विधान 1025 महा अर्घ समर्पित कर श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न किया।



सीहोर (निप्र)। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी में अष्टनिका महापर्व के पावन अवसर पर आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान 105 आर्यिका विजिज्ञासाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में 1025 महा अर्घ समर्पित कर श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न किया। प्रात: श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न कर। महामंडल विधान पूजा अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया।इस अवसर पर माता जी ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सिद्धचक्र महामंडल विधान के महत्व को विस्तार से बताया सिद्धचक्र महामंडल विधान समस्त सिद्ध समूह की आराधना मंडल की साक्षी में की जाती है। जो हमारे समस्त मनोरथों को पूर्ण करती है। माताजी ने कहा कि जैन दर्शन में अष्टनिका महापर्व का विशेष महत्व बतलाया गया है। इस अवसर पर देव लोग भी नंदीश्वर दीप में आकर सिद्ध भगवान की आराधना करते हैं। हर एक श्रद्धालु को सिद्धचक्र महामंडल विधान करना चाहिए। क्योंकि अंतिम लक्ष्य के रूप में संसारी प्राणी मोक्ष नहीं पा सकता है। इसलिए सिद्धों की आराधना के बिना मोक्ष का लक्ष्य सिद्ध नहीं हो सकता। दोपहर में स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रद्धालुओं ने ज्ञानार्जन किया।संध्या को गुरु भक्ति संगीत मय भजन कीर्तन कर धर्म लाभ अर्जित किया।

## यह बजट भाजपा प्रदेश सरकार का बातों के बताशे वाला बजट, जनहित सफाचट : राजीव गुजराती

सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज जो बजट पेश किया है, उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। उक्त बयान जारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हद तो इस बात की है कि चुनाव के बाद दूसरा बजट पेश कर दिया गया लेकिन चुनाव में किए गए वादे अब तक नहीं निभाए गए।

मध्यप्रदेश की बहनें इस बात की प्रतीक्षा कर रही थीं कि बजट में उन्हें 3000 प्रति महीने लाड़ली बहना योजना में दिए जाने की घोषणा की जाएगी। लेकिन सरकार अभी भी 1250 पर ही अटकी है। जबकि भाजपा के मंत्रियों द्वारा चुनावी वादे के बारे में ना तो एक शब्द बोला गया और ना ही वादों पर खरे उतरे। दूसरी तरफ जब से वर्तमान भाजपा सरकार बनी है तब से लाड़ली बहना योजना में बहनों की संख्या लगातार कम की जा रही है। इसी तरह किसान भाइयों को उम्मीद थी कि बजट में गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र के अनुसार 2700 प्रति क्विंटल और 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की जाएगी। लेकिन इस बारे में भी वित्त मंत्री ने एक शब्द नहीं बोला। वहीं 3 लाख नौकरियों का झांसा दिया गया था परन्तु सरकारी विभागों में पद खाली पड़े होने के बावजूद भी युवक-युवती बैरोजगारी का मार झेल रहे हैं और प्रायवेट जॉब करने हेतु पलायन करने को मजबूर है।भाजपा सरकार ने 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में 3 लाख नौकरियों का वादा किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि सरकारी विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं। हर साल लाखों युवा सरकारी नौकरियों की आस लगाए बैठते हैं, लेकिन सरकार की नीयत ही नहीं है कि वे भर्ती करें।

## शनिवार को शहर में मनाई जाएगी महादेव की होली, पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया आह्वान आस्था और उत्साह के साथ मंदिरों में पहुंचकर करें एक लोटा जल अर्पित

>>> आदिवासियों के नृत्य के साथ अघोरियों की टीम रहेगी शामिल
>>> कुबेरेश्वरधाम पर पूर्णिमा पर लगाया शुद्ध घी से बने 251 किलो हलवे का भोग



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर में महादेव की होली खेलने के लिए तैयारियां पूर्ण हो गई है। पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश के बाद एक बार फिर से होली का उत्साह देखने को मिल रहा है। कुबेरेश्वरधाम पर सैकड़ों की संख्या में देश भर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। श्री सिद्ध हनुमान समिति, छावनी उत्सव समिति, गांधी क्लब, नव ज्योति संगठन, शहर की समितियों के अलावा अन्य संगठनों की बैठक का आयोजन कर इस बार भी महादेव की होली को पूरी आस्था के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया था। शनिवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शहर के छावनी स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर से शहर में महादेव की होली की शुरूआत करेंगे। इसके पश्चात वह शहर के विभिन्न मंदिर में पहुंचेंगे। भव्य महादेव की तैयारियों को लेकर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला ने सभी क्षेत्रवासियों से पूरे उत्साह के साथ होली का महोत्सव मनाए जाने की अपील की है। गुरुवार की सुबह भंडारे से पहले मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों को शुद्ध घी से बने 251 किलो हलवे की प्रसादी का भोग पंडित विनय मिश्रा और मनोज दीक्षित मामा आदि ने वितरण किया। इसके अलावा खिचड़ी, आलू की सब्जी, मिक्चर और रोटी आदि भंडारे में आए श्रद्धालुओं को भोजन में वितरण की।

अग्रसेन ट्रेडिंग कंपनी के संचालक अनिल अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल के द्वारा करीब दो क्विंटल से अधिक केसरिया दूध की ठंडाई, विठलेश सेवा समिति नगर इकाई के द्वारा महादेव की होली के लिए शहर के अनेक स्थानों पर मंच बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई का इंतजाम के अलावा एक क्विंटल गुलाब के फूलों की पंखडी, अबीर और गुलाल का इंतजाम किया गया है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने सभी देशवासियों को अपने-अपने यहां पर शिव मंदिरों में भगवान शिव को एक लोटा जल समर्पित करने को कहा है। शनिवार की सुबह नौ बजे शहर के छावनी स्थित नगर पालिका के पास चमत्कालेश्वर महादेव पहुंचेंगे और अन्य शिव मंदिरों के पश्चात प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर तहसील चौराहे पहुंचेंगे।

डोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के मध्य महादेव की होली में गुलाल और अबीर उड़ाने के लिए मशीन के अलावा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और जबलपुर के अघोरियों की टीम शामिल होंगी। इसके अलावा झांकियां और झाबुआ के कलाकारों अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं संतरे, केले आदि से स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा शहर के बड़ा बाजार पर अग्रसेन ट्रेडिंग कंपनी दूध की ठंडाई, चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर पर ठंडाई, छावनी सिद्धपुर हनुमान मंदिर समिति चार हजार से अधिक आलू बड़े और पेयजल, संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र की ओर से राहुल सिंह और जितेन्द्र तिवारी की ओर से पोहे एवं नाश्ते के अलावा एक दर्जन से अधिक स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की गई है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com